डाक पंजीयन नं. 99/2021-23

E-mail:-adhuniksamachar2014@gmail.com

website:www.aadhuniksamachar.com



PG-8

आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया

# आधुनिक समाचार



PG-8

प्रयागराज से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

सिनेमाः-मुख्य अतिथि अभिनेत्री कंचन अवस्थी को पुणे में मिला '' दादा साहब फालके सिने इनटेरनेशनल अवार्ड -2023

वर्ष -08 अंक -279 | प्रयागराज सोमवार , 30 जनवरी, 2023 | पृष्ठ- 8 | मूल्य : 2.00 रूपये

## संक्षिप्त समाचार

### संयुक्त राष्ट्र महासभा के अध्यक्ष साबा कोरोसी आएंगे भारत

(आधुनिक समाचार सेवा)

**नई दिल्ली।** संयुक्त राष्ट्र महासभा के अध्यक्ष साबा कोरोसी रविवार को भारत आएंगे। तीन दिवसीय यात्रा के दौरान कोरोसी नई दिल्ली में विदेश मंत्री एस जयशंकर से भी मुलाकात करेंगे। साबा कोरोसी नई दिल्ली के विजय चौक पर आयोजित होने वाले 'बीटिंग द रिट्रीट' समारोह में भी शामिल होंगे। विदेश मंत्रालय ने उनकी यात्रा की घोषणा करते हुए कहा कि सितंबर 2022 में संयुक्त राष्ट्र महासभा की



अध्यक्षता संभालने के बाद कोरोसी की किसी देश की यह पहली द्विपक्षीय यात्रा है। कोरोसी की भारतीय वार्ताकारों के साथ विभिन्न वैश्विक चुनौतियों पर बातचीत करने की भी संभावना है। संयुक्त राष्ट्र महासभा के 77वें सत्र के अध्यक्ष कोरोसी इस दौरान विदेश मंत्री एस जयशंकर से आपसी हित के अहम बहुपक्षीय और क्षेत्रीय मुद्दों पर चर्चा करेंगे। विदेश मंत्रालय ने अपने बयान में कहा कि संयुक्त राष्ट्र महासभा अध्यक्ष की भारत यात्रा से संयुक्त राष्ट्र के सामने मौजूद वैश्विक चुनौतियों पर विचारों का आदान-प्रदान करने का अवसर प्राप्त होगा।

### चुनाव में कांग्रेस के लिए कोई बड़ी रैलिया

(आधुनिक समाचार सेवा)

**शिलांग।** मेघालय में 27 फरवरी को होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस बड़ी रैलियां नहीं करेगी और न ही उसके पास स्टार प्रचारक होंगे, बल्कि वह मतदाताओं से जुड़ने पर ध्यान केंद्रित करेगी, पार्टी के एक वरिष्ठ नेता अध्यक्ष विन्सेंट एच पाला ने रविवार को ये जानकारी दी है। नहीं होगी कोई बड़ी रैली मेघालय कांग्रेस के अध्यक्ष विन्सेंट एच पाला ने कहा, हमारे 80 प्रतिशत उम्मीदवार नए चेहरों के साथ पहली बार विधानसभा चुनाव लड़ रहे हैं, कांग्रेस मतदाताओं के घरों का दौरा करने और मतदाताओं से जुड़ने के लिए स्थानीय समुदाय स्तर पर छोटी रैलियां आयोजित करने पर ध्यान केंद्रित करेगी।

## असम ने 68 विदेशियों को नए ट्रांजिट कैंप में किया शिफ्ट गोलपारा जेल में थे कैद

(आधुनिक समाचार सेवा)

**गोलपाड़ा (असम)।** असम सरकार ने संदिग्ध और घोषित विदेशियों को गोलपारा जिले में नवनिर्मित



समर्पित निरोध केंद्र में स्थानांतरित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। सरकार ने असम में पाए गए संदिग्ध और घोषित विदेशियों को रखने के लिए गोलपारा जिले के मटिया में पहला समर्पित केंद्र बनाया है। इसमें 400 महिलाओं सहित 3,000 कैदियों को रखने की क्षमता है। ट्रांजिट कैंप के अधीक्षक (प्रभारी) शशि कुमार डेका ने कहा, '68 कैदियों के पहले जत्थे को शुक्रवार को गोलपारा जिला जेल से ट्रांजिट कैंप में ले जाया गया। इनमें 45 पुरुष, 21 महिलाएं, एक लड़की और एक लड़का शामिल हैं।' असम में थे छह ट्रांजिट कैंप इस नई सुविधा से पहले, असम में छह ट्रांजिट कैंप थे, जिन्हें गोलपारा, कोकराझार, जोरहाट, सिलचर, डिब्रूगढ़ और तेजपुर में मौजूदा जेलों का हिस्सा बनाकर बनाया गया था। डेका ने कहा, 'इन सभी 68 कैदियों को गोलपारा जेल ट्रांजिट कैंप से स्थानांतरित किया गया था। इन सभी को 'डी' (संदिग्ध या संदिग्ध) मतदाताओं के मामलों में विदेशी ट्रिब्यूनल (एफटी) द्वारा विदेशी घोषित किया गया था।'असम जेल मुख्यालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने न्यूज एजेंसी पीटीआई को बताया कि इन कैदियों को नए केंद्र में स्थानांतरित करने के साथ, गोलपारा जिला जेल में अब विदेशी मामलों से संबंधित किसी भी व्यक्ति को नहीं रखा जाएगा।

## 31 जनवरी से आम लोगों के लिए खुलेगा राष्ट्रपति भवन का बगीचा

(आधुनिक समाचार सेवा)

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति भवन के बगीचों का नाम बदलकर अमृत उद्यान कर दिया गया है। यह उद्यान 31 जनवरी से 26 मार्च तक करीब



दो माह के लिए जनता के लिए खुलेगा। राष्ट्रपति भवन की वेबसाइट के मुताबिक, यह उद्यान कुल 15 एकड़ में फैला हुआ है। अमृत उद्यान में हर्बल गार्डन, सेंट्रल लॉन, सर्कुलर गार्डन, लॉन्ग गार्डन और बोनसाई गार्डन शामिल हैं। इस उद्यान को राष्ट्रपति निवास की आत्मा के रूप में चित्रित किया जाता है। राष्ट्रपति की उप प्रेस सचिव नविका गुप्ता ने शनिवार को बताया, 'देश की राष्ट्रपति ने राष्ट्रपति भवन के उद्यानों को 'अमृत उद्यान' के रूप में इस गार्डन का नाम दिया है।' राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु 29 जनवरी को अमृत उद्यान का उद्घाटन करेंगी। अमृत उद्यान को 31 जनवरी से 26 मार्च तक करीब दो माह के लिए जनता के लिए खोला जाएगा। हालांकि यह उद्यान सोमवार को रखरखाव और आठ मार्च को होली के अवसर पर बंद रहेगा। उद्यान 28 मार्च से लेकर 31 मार्च तक किसान, विकलांग व्यक्ति, रक्षा बलों के कर्मी, अर्धसैनिक बल और पुलिस, और आदिवासी महिलाओं के स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) सहित अन्य महिलाएं और विशेष क्षेणी के लोगों के लिए खुलेगा। अमृत उद्यान में कोई भी सुबह 10 बजे से लेकर शाम चार बजे तक बगीचों का दौरा कर सकता है। इसके लिए छह स्लॉट दिए गए हैं।

## पीएम मोदी ने आईआईएससी की रिकॉर्ड ब्रेकिंग 'पेटेंट' की सफलता पर जताई खुशी, भारतीय विज्ञान संस्थान बेंगलुरु को दी बधाई

(आधुनिक समाचार सेवा)

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को भारतीय विज्ञान संस्थान, बेंगलुरु को अपने नाम पर कुल 145 'पेटेंट' होने का रिकॉर्ड बनाने के लिए बधाई दी



मन की बात के 97वें संस्करण को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि घ्घ्ण् एक अद्भुत मिसाल पेश कर रहा है। भारतीय विज्ञान संस्थान कर रहा मिसाल पेश पीएम ने साल के पहले मन की बात कार्यक्रम में कहा, 'मेरे प्यारे देशवासियो, अब मैं 'मन की बात' में एक ऐसे विषय पर बात करूंगा, जिसमें आपको आनंद और गर्व की अनुभूति होगी और आपका मन कहेगा- वाह क्या आनंद! देश के सबसे पुराने विज्ञान संस्थानों में से एक, भारतीय विज्ञान संस्थान, बेंगलुरु एक अद्भुत उदाहरण पेश कर रहा है।''मन की बात' में मैंने पहले चर्चा की है कि इस संस्था की स्थापना के पीछे किस प्रकार भारत के दो महान व्यक्तित्व जमशेदजी टाटा और स्वामी विवेकानंद की प्रेरणा रही है। और हमारे लिए हर्ष और गर्व की बात यह है कि वर्ष 2022 में इस संस्थान के नाम कुल 145 पेटेंट हो चुके हैं। इसका मतलब है - हर पांच दिन में दो पेटेंट। यह रिकॉर्ड अपने आप में अद्भुत है। मैं घ्घ्म् की टीम को भी इस सफलता के लिए बधाई देना चाहता हूं उन्होंने कहा, सिर्फ पेटेंट की बात करें तो पिछले पांच साल में करीब 50 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स में भी भारत की रैंकिंग में जबरदस्त सुधार हुआ है और अब यह 40वें स्थान पर पहुंच गया है, जबकि 2015 में ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स में भारत 80वें स्थान से भी पीछे था मैं आपको एक और दिलचस्प बात बताना चाहता हूं। भारत में पिछले 11 सालों में पहली बार घरेलू पेटेंट फाइलिंग की संख्या विदेशी फाइलिंग से ज्यादा देखी गई। यह भारत के बढ़ते वैज्ञानिक कौशल को भी दर्शाता है अपने मासिक रेडियो संबोधन के दौरान, पीएम ने देश के नागरिकों से उन लोगों के जीवन और कहानियों के बारे में पढ़ने का भी आग्रह किया, जिन्हें प्रतिष्ठित 'पद्म' पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है।प्रधानमंत्री ने रेखांकित किया कि पद्म पुरस्कार विजेताओं की एक बड़ी संख्या आदिवासी समुदायों और आदिवासी समाज से जुड़े लोगों से आई है। उन्होंने कहा, ठआदिवासी जीवन शहर के जीवन से अलग है, इसकी अपनी चुनौतियां हैं। इन सबके बावजूद आदिवासी समाज अपनी परंपराओं को बनाए रखने के लिए हमेशा उत्सुक रहते हैं। पीएम मोदी ने आगे कहा कि टोटो, हो, कुई, कुवी और मांडा जैसी आदिवासी भाषाओं पर काम करने वाली कई महान हस्तियों को पद्म पुरस्कार मिला है।पीएम मोदी ने कहा, यह हम सभी के लिए गर्व की बात है कि अब दुनिया उन्हें जानेगी। सिद्दी, जारवा और ओंगे जनजाति के साथ काम करने वाले लोगों को भी इस बार पुरस्कृत किया गया है। उन्होंने पूर्वोत्तर के लोगों के प्रयासों को भी रेखांकित किया जो अपनी संस्कृति को संरक्षित करने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं और उन्हें पद्म पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है।

## विंग कमांडर का पार्थिव शरीर अंतिम संस्कार के लिए बेलगावी पहुंचा

(आधुनिक समाचार सेवा)

**कर्नाटक।** मध्य प्रदेश में कल बड़ी हवाई दुर्घटना हो गई थी। इस हादसे में लड़ाकू विमान सुखोई-30 और मिराज-2000 क्रैश हो गए थे। यह हवाई दुर्घटना मुरैना के पास हुई थी। जिसमें विंग कमांडर हनुमंत राव सारथी की मौत हो गई थी। आज विंग कमांडर हनुमंत राव सारथी का पार्थिव शरीर रविवार की दोपहर एस्टैब्लिशमेंट (टीएसी-डीई) के प्रशिक्षक विंग कमांडर सारथी के आवास पर मातम छा गया है। उनके अचानक निधन से उनके परिजन व रिश्तेदार में काफी शोक है। विंग कमांडर सारथी की उम्र 35 साल है। विंग कमांडर के परिवार में उनकी पत्नी, तीन साल की बेटी और एक साल का बेटा है। विंग कमांडर हनुमंत राव सारथी के परिवार में



को अंतिम संस्कार के लिए बेलगावी पहुंच चुका है। मुरैना में दोनों लड़ाकू विमान सुखोई-30 और मिराज-2000 अभ्यास कर रहे थे उसी दौरान यह हवाई दुर्घटना हुई थी। वायुसेना के अनुसार अभ्यास के दौरान दोनों विमान आपस में टकरा गए थे। हवाई दुर्घटना में विंग कमांडर सारथी की मौत हो गई थी जबकि दो अन्य पायलट सुरक्षित बाहर निकल गए थे। हनुमंत राव सारथी के पार्थिव शरीर को वायुसेना के एक विशेष विमान से बेलगावी लाया गया था और बाद में उसे गणेशपुर स्थित उनके घर ले जाया जाएगा। मध्य प्रदेश के ग्वालियर में टैक्टिक्स एंड एयर कॉम्बैट डेवलपमेंट सभी रक्षा पृष्ठभूमि से ही आते हैं। सारथी के पिता रेवासिद्दप्पा सारथी एक सेवानिवृत्त कप्तान रह चुके हैं। तो वहीं भाई प्रवीण सारथी सेवारत ग्रुप कैप्टन हैं। मुनैरा में कल विमान हादसा पहाड़गढ़ से करीब पांच किमी दूरी निरार रोड पर मड़वाली माता के पास हुआ था। पहाड़गढ़ क्षेत्र के लोगों को जंगल में तेज आवाज सुनाई दी। जब वे मौके पर पहुंचे तो वहां पर विमान का मलबा पड़ा हुआ था और उसमें आग लगी हुई थी। हादसे की खबर पाते ही प्रशासन घटनास्थल पर पहुंच गया था। दोनों विमानों ने मध्य प्रदेश के ग्वालियर हवाई ठिकाने से उड़ान भरी थी। वहां अभ्यास चल रहा था।

## जयशंकर ने की पीएम मोदी की तारीफ बोले- उनके अलावा कोई और होता तो नहीं बनाता मुझे विदेश मंत्री

(आधुनिक समाचार सेवा)

**नई दिल्ली।** भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर पुणे में अपनी अंग्रेजी किताब ठद इंडिया वेः स्ट्रैटेजीज़ फॉर एन अनसर्टेन के विमोचन



समारोह में शामिल हुए थे। उनकी इस पुस्तक का मराठी भाषा में भारत मार्ग नाम के साथ अनुवाद किया गया है। भारत मार्ग पुस्तक के विमोचन में जयशंकर कार्यक्रम में गए थे। पहले विदेश सचिव थे जयशंकर कार्यक्रम में बोलते हुए विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि उन्हें यकीन नहीं है कि पीएम नरेंद्र मोदी के अलावा किसी और प्रधानमंत्री ने उन्हें विदेश मंत्री नियुक्त करता। जयशंकर ने कहा कि विदेश मंत्री के रूप में नियुक्त होने से पहले केवल विदेश सचिव बनना ही उनकी महत्वाकांक्षा की सीमा थी। बता दें कि जयशंकर ने विदेश मंत्रालय में विदेश सचिव के रूप में कार्य किया था।विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कार्यक्रम में कहा कि मेरे लिए विदेश सचिव बनना ही स्पष्ट रूप से मेरी महत्वाकांक्षा की सीमा थी। मैंने कभी मंत्री बनने का सपना भी नहीं देखा था। उन्होंने कहा कि मुझे यकीन नहीं है कि नरेंद्र मोदी के अलावा कोई और प्रधानमंत्री मुझे विदेश मंत्री बनाता। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने आगे कहा कि मैं वास्तव में कभी-कभी खुद से भी पूछता हूं कि अगर वह प्रधानमंत्री नहीं होते तो क्या मुझमें राजनीति में प्रवेश करने की हिम्मत होती, मुझे नहीं पता। उन्होंने पूर्व विदेश मंत्री सुषमा स्वराज के साथ विदेश सचिव के रूप में काम करने के अपने अनुभव को भी साझा किया। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कार्यक्रम में कहा कि हमारे पास एक बहुत-बहुत अच्छी मंत्री सुषमा जी थीं। हम व्यक्तिगत रूप से बहुत अच्छी तरह से साथ थे। मैं कहूंगा कि हमारा तालमेल एक मंत्री और विदेश सचिव के रूप में बेहद अच्छा था। तो वहीं उन्होंने आगे यह भी कहा कि सुषमा जी से लेकिन, मैंने एक बात सीखी है कि जिम्मेदारियों में अंतर होता है। उन्होंने कहा कि सचिव और मंत्री होने में एक बड़ा अंतर है जयशंकर ने कहा कि सचिव के पास उनके ऊपर एक मंत्री होता जो संसद के प्रति जवाबदेह होता है, सार्वजनिक रूप से जवाबदेह होता है।

## बीआरएस नेता रामाराव ने राजग सरकार पर लगाया आरोप

(आधुनिक समाचार सेवा)

**हैदराबाद।** तेलंगाना की सत्तारूढ़ पार्टी बीआरएस के नेता के.टी. रामाराव ने राजग सरकार पर आरोप लगाया है कि सरकार तेलंगाना के प्रति सौतेला व्यवहार कि आंध्र प्रदेश पुनर्गठन अधिनियम में राज्य से किए गए वादों को भी पूरा नहीं किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि राजग सरकार ने अपने 'कॉरपोरेट मित्रों' का कर्ज माफ कर दिया। उन्होंने शनिवार को निजामाबाद



कर रही है। साथ ही उन्होंने दावा किया कि अगर भाजपा लोकसभा को भंग करती है तो उनकी पार्टी संसद और राज्य विधानसभा के समय से पहले चुनाव के लिए तैयार है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार ने तेलंगाना के लिए किसी नई संस्था या फंड की घोषणा नहीं की है और यहां तक में मीडिया से बात करते हुए कहा, ''राज्य में भाजपा के लोग बड़ी-बड़ी बातें करते हैं, अगर उनमें दम है तो संसद भंग कर दें। वे कहते हैं 'सब का साथ, सब का विश्वास' लेकिन उनके काम की वजह से राज्य में 'सब कुछ बकवास' है। आज देश में ऐसी स्थिति है कि रुपये का मूल्य 'पातलम' की ओर बढ़ रहा है, कर्ज आसमान छू रहा है।

## मल्लिकार्जुन खरगे ने सरकार पर बोला हमला कहा- एलआईसी के पैसे का हो रहा दुरुपयोग

(आधुनिक समाचार सेवा)

**नई दिल्ली।** हिंडनबर्ग की र?िपोर्ट सामने आने के बाद से विपक्षी दल




सरकार पर हमलावर रुख अपनाए हुए हैं। इस बीच कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने भी ट्वीट कर सरकार को निशाने पर लिया है। मल्लिकार्जुन खरगे ने भारतीय जीवन बीमा निगम को लेकर सरकार से तीखे सवाल पूछे हैं और उन पर सवाल भी उठाए हैं। खरगे ने ट्वीट कर साधा सरकार पर निशाना मल्लिकार्जुन खरगे ने ट्वीट कर लिखा कि सरकार ने भारतीय जीवन बीमा निगम का नाम बदलकर करोड़पतियों के लिए निवेश लूटो 'लूट इन्वेस्टमेंट फॉर क्रोनीज' कर दिया है। उन्होंने लिखा कि एलआईसी के शेयरों में केवल 2 दिनों में 22,442 करोड़ का नुकसान हुआ है। एलआईसी अडानी की प्रमुख इकाई में अधिक पैसा लगा रही है, जबकि 29 करोड़ पॉलिसीधारक एलआईसी से जुड़े हुए हैं।इससे पहले कांग्रेस ने अडानी समूह पर हिंडनबर्ग की रिपोर्ट की सेबी से जांच कराने की मांग की थी। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा था कि आरोपों की भारतीय वित्तीय प्रणाली की स्थिरता और सुरक्षा के लिए जिम्मेदार भारतीय रिजर्व बैंक और सेबी द्वारा जांच की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि भारतीय जीवन बीमा निगम और भारतीय स्टेट बैंक जैसे वित्तीय संस्थानों के अडानी समूह के उच्च जोखिम वाले संस्थानों को वित्तीय स्थिरता प्रदान करने से उन करोड़ों भारतीयों पर प्रभाव पड़ता है, जिनकी बचत वित्तीय प्रणाली के इन स्तंभों द्वारा की जाती है। बता दें कि अदाणी ग्रुप को लेकर हिंडनबर्ग की र?िपोर्ट सामने आई थी, जिसके बाद अदाणी ग्रुप की कंपनियों के शेयर तेजी से नीचे आए। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, गौतम अडानी को एक दिन में लगभग 6 बिलियन डॉलर (लगभग 48,600 करोड़ रुपये) का नुकसान हुआ है। हिंडनबर्ग के आरोपों के बाद गौतम अदाणी के नेटवर्थ में लगभग 5 प्रतिशत की कमी आई है।

## गोवा में 'युवा मंथन मॉडल जी-20' का आगाज, युवाओं को मिलेगा वैश्विक मुद्दों पर अपने विचार रखने का अवसर

(आधुनिक समाचार सेवा)

**पणजी।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर गोवा में 'युवा मंथन मॉडल जी-



20' का आगाज किया गया। इसके जरिये युवाओं को वैश्विक मुद्दों को लेकर अपने व्यक्तिव को निखारने और अपने अभिव्यक्ति कौशल को बेहतर करने का अवसर मिलेगा। गोवा के पार्वतीबाई चौगुले कॉलेज ऑफ आर्ट्स एंड साइंस में गुरुवार यानी 26 जनवरी को आयोजित पहले शिखर सम्मेलन में युवाओं ने देश की सामरिक, आर्थिक, कूटनीतिक और राजनीतिक मामलों पर अपने विचार रख इस दौरान कार्यक्रम के आयोजकों ने कहा कि आज दुनिया में भारत के युवाओं की भूमिका बढ़ रही है और वे वैश्विक स्तर की समस्याओं का समाधान करके योगदान देने की क्षमता रखते हैं। दुनिया की सामाजिक-राजनीतिक समस्याओं से संबंधित मामलों पर युवा मंथन मॉडल जी- 20 एक वैश्विक मंच उपलब्ध कराता है। युवा मंथन मॉडल जी-20 एक ऐसा मंच है जिसका उद्देश्य युवाओं में जी-20 के बारे में जागरूकता पैदा करना, छात्रों और युवा प्रतिभागियों को जी-20 शिखर सम्मेलन में भाग लेकर वर्तमान आर्थिक, सामाजिक-राजनीतिक और सांस्कृतिक मुद्दों पर चर्चा करने का एक मौका देता है जहां वे जी-20 राष्ट्रों के नेताओं की तरह अपनी बात रखते हैं। गोवा में आयोजित हुए कार्यक्रम में 50 से ज्यादा छात्र-छात्राएं मौजूद रहे, जिन्हें जी-20 देशों के वित्त मंत्री और शेरपा के रूप में नामित किया गया था। शिखर सम्मेलन को दो प्रमुख ट्रैक, शेरपा ट्रैक और फाइनेंस ट्रैक में बांटा गया था, जहां प्रतिभागियों ने वैश्विक आर्थिक, पर्यावरण और व्यापार से संबंधित मामलों पर चर्चा की। स्टूडेंट्स के लिए कौशल सीखने का अवसर इस अवसर पर छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने कहा, ड्डयुवा मंथन मॉडल जी-20 युवाओं के लिए आगे आने और वैश्विक मुद्दों पर अपने विचारों को साझा करने का एक अच्छा अवसर है। वहीं, पर्यटन राज्य मंत्री श्रीपद नाइक ने भी छात्रों को संबोधित किया और कहा, ठयुवा मंथन मॉडल जी-20 वैश्विक नागरिकों के सामने आने वाली समस्याओं को हल करने के लिए एक अच्छी पहल है। इस दौरान पार्वतीबाई चौगुले कॉलेज के वाइस प्रेसिडेंट आदित्य चौगुले ने कहा कि हमारा कॉलेज युवाओं को वैश्विक मुद्दों पर व्यावहारिक चर्चाओं में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित करता है।

# यूपी बोर्ड परीक्षा में सम्मिलित होने वाले छात्र-छात्राओ की मानसिक दबाव से निकालने के लिए पीएम मोदी द्वारा परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम आयोजित किया गया

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सीतापुर।** पीएम मोदी द्वारा परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम के तहत आज सीतापुर में भाजपा नेताओं द्वारा विभिन्न जगहों पर ंिटीवी लगाकर पीएम मोदी के बातों को स्कूली छात्रों को सुनाया गया। पीएम मोदी ने इस दौरान बोर्ड परीक्षा के तनाव को दूर करने के लिए बच्चों को टिप्स दिए और साथ ही परीक्षा को लेकर तैयारियों की बारीकी भी समझाई। परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम के तहत वृष्ण पाल सिंह महाविद्यालय तंबौर में सांसद राजेश वर्मा शामिल रहे। इसके साथ ही बीजेपी जिला अध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा विश्वम्भर नारायण इंटर कॉलेज सीतापुर,जिला पंचायत अध्यक्ष श्रद्धा सागर जयपुरिया महाविद्यालय महमूदाबाद, महोली विधायक शशांक त्रिवेदी कृषक इंटर कॉलेज महोली, नगर विकास राज्य मंत्री राकेश राठौर गुरु कृष्णा इंटर कॉलेज सीतापुर, कारागार राज्यमंत्री सुरेश राही आसिफ मॉडल इंटर कॉलेज सीतापुर,बिसवां विधायक निर्मल वर्मा सरस्वती आदर्श विद्या मंदिर सीतापुर, विधायक ज्ञान तिवारी महेंद्र शास्त्री इंटर कॉलेज रामपुर मथुरा, महमूदाबाद विधायक आशा मौर्य सीता इंटर कॉलेज महमूदाबाद, सिधौली विधायक मनीष रावत गांधी इंटर कॉलेज सिधौली, मिश्रिख विधायक रामकिशन भार्गव सावित्री इंटर कॉलेज मछरेहटा और पूर्व बीजेपी विधायक लहरपुर सुनील वर्मा लाल सिंह इंटर कॉलेज परसेंडी पर सम्मिलित रहे। इसके साथ ही परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम सीतापुर के सभी 40 मंडलों पर आयोजित किया गया।



# स्वामी विवेकानंद इंटरमीडिएट स्कूल में अपराध नियंत्रण ब्यूरो की प्रयागराज महिला विंग टीम ने गणतंत्र दिवस मनाया

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सीतापुर।** 74 वें गणतंत्र दिवस 2023 ,को राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण ब्यूरो की प्रयागराज महिला विंग टीम ने स्वामी विवेकानंद इंटरमीडिएट स्कूल प्रयागराज में मनाया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिला अध्यक्ष श्वेता साहू टीम के अन्य पदाधिकारी जिला संरक्षक अनीता भारद्वाज और मीरा सिंह अन्य अन्य सदस्य मौजूद रहे । झंडारोहण इस कार्यक्रम में झंडारोहण जिलाध्यक्ष श्वेता साहू के द्वारा कराया गया इस कार्यक्रम के दौरान बच्चों को मिठाइयां फल और गिफ्ट बांटे गए , बच्चों ने भी कई कार्यक्रम प्रस्तुत किए जिसमें देश भक्ति गीत कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। आज का यह कार्यक्रम बहुत ही सफल रहा ।



# अचला सप्तमी पर मेला क्षेत्र में उमड़ा हुजूम,मेला पुलिस सजग और सतर्क

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** तीर्थराज प्रयाग के संगम नगरी मे आयोजित होने वाले माघ मेला मे श्रद्धालुओं/सैलानियों का संगम मे स्नान/भ्रमण का सिलसिला निरन्तर जारी है,आज दिनांक 28.01.2023 को अचला सप्तमी होने पर मेला क्षेत्र में गंगा स्नान के लिए और शनिवार के दिन लेटे हुये हनुमान जी को निशान चढाने व दर्शन के लिये काफी संख्या मे श्रद्धालुओ का हुजूम उमड़ पड़ा। मेला क्षेत्र मे विभिन्न जनपदों की प्रदर्शनियाँ, झूला तथा विभिन्न धार्मिक संगठनो द्वारा निकलने वाली शोभायात्रायें श्रद्धालुओं के आकर्षण का केन्द्र बनी हुयी है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक माघ मेला डा0 राजीव नारायण मिश्र घ्झ्ए के दिशा निर्देशन मे मेला क्षेत्र में समुचित पुलिस प्रबन्ध किए गए है एवं महत्वपूर्ण स्थानों पर तैनात पुलिसकर्मियों द्वारा विशेष सतर्कता बरती जा रही है।मेला क्षेत्र में अत्यधिक भीड़ होने से पब्लिक ऐड्रेस सिस्टम के माध्यम से लगातार अनुरोध किया जा रहा कि श्रद्धालु/स्नानार्थी अपनी गाड़ी को पार्किंग स्थल में ही खड़ा करें जिससे मेला क्षेत्र में जाम की स्थिति उत्पन्न न हो,मेला क्षेत्र में 5 स्थानों पर पार्किंग की व्यवस्था की गई है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक माघ मेला स्वयं मेला क्षेत्र में एटीएस के साथ भ्रमण सील होकर पार्किंग स्थलों,महत्वपूर्ण चौराहों,संगम नोज पर लगातार सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करा रहे थे एवं श्रद्धालु /स्नानार्थियो का कुशलछेम भी लेते रहे।



# माघमेला के पावन भूमि पर ज्ञान की देवी मॉ सरस्वती के प्राकट्य उत्सव बसंत पंचमी भव्य नजारा दिखाई पड़ा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** माघमेला के पावन भूमि पर ज्ञान की देवी मॉ सरस्वती के प्राकट्य उत्सव बसंत पंचमी पर गंगा,यमुना व अदृश्य सरस्वती के पवित्र पावन संगम में शीत लहर व हल्की बरसात के बीच लाखों श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगायी। माघ मेला के चतुर्थ स्नान पर्व बंसत पंचमी पर श्रद्धालुओं/ स्नानार्थियों का संगम की रेती पर जमावड़ा एक दिन पूर्व से ही प्रारम्भ हो गया, शुभ मुहूर्त के साथ ही संगम स्नान का सिलसिला प्रारम्भ हुआ जो सुबह हल्की बरसात के बीच दिनभर अनवरत जारी रहा। संगम स्नान के उपरान्त श्रद्धालुओं/ स्नानार्थियों ने लेटे हनुमान जी का दर्शन भी किया तथा अक्षय फल की कामना हेतु अन्न, वस्त्र, फल का दान भी किया। श्रद्धालुओं/ स्नानार्थियों में बरसात के मध्य संगम स्नान को लेकर काफी उत्साह देखा गया और प्रवासी पक्षियों की अठखेलियां श्रद्धालुओं के बीच आकषर्ण का केन्द्र रही। इस दौरान श्रद्धालुओं के सुगम आवागमन व सुरक्षित स्नान हेतु व्यापक पुलिस प्रबन्ध किये गये। श्रद्धालुओं के सुरक्षा के दृष्टिगत सम्पूर्ण मेला क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर नागरिक पुलिस, यातायात पुलिस, घुड़सवार पुलिस, महिला पुलिस कर्मी, अग्निशमन दल, पीएसी के जवान, एटीएस के कमाण्डों व्यवस्थापित किये गये। पवित्र संगम में जल पुलिस के साथ मोटर बोट व गोताखोरो की नियुक्ति कर स्नानार्थियों/ श्रद्धालुओं की सुरक्षा के कड़े प्रबन्ध किये गये। इस दौरान स्टीमर के माध्यम से संगम क्षेत्र का लगातार निरीक्षण किया गया, तथा एसडीआरएफ/फ्लड कम्पनी के जवानों द्वारा घाटों/जल पर लगातार सतर्क दृष्टि रखी गयी। सम्पूर्ण मेला क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरे/ड्रोन व बॉडी वार्न कैमरा के माध्यम से चप्पे चप्पे पर नजर रखी गयी। 'पब्लिक एड्रेस सिस्टम' के माध्यम से सभी श्रद्धालुओं से लगातार अनुरोध किया गया कि सावधानी पूर्वक स्नान करके अपने गंतव्य को वापस जाएं किसी भी संदिग्ध वस्तु को हाथ न लगाये, मेले की सुरक्षा व स्वच्छता में हमारा सहयोग करे, मेले में आने वाले स्नानार्थियों/श्रद्धालुओं को कोई असुविधा न हो इसके दृष्टिगत मेला क्षेत्र में ही 05 स्थानों पर 'पार्किग' की समुचित व्यवस्था की गयी। जिसके माध्यम से यह प्रयास किया गया कि संगम में आने वाले श्रद्धालुओं को स्नान घाट तक पहुचने में न्यूनतम पैदल चलना पड़े। इस अवसर पर पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट प्रयागराज रमित शर्मा ,वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक माघ मेला डॉ0 राजीव नारायण मिश्र घ्झ्ए, पुलिस अधीक्षक माघ मेला आदित्य कुमार शुक्ल लगातार मेला क्षेत्र में ही रहकर सभी व्यवस्थाये सुनिश्चित कराते रहे। इसी दौरान एक वृद्ध महिला जो गंगा स्नान के लिये अपने परिवार संग आई हुई थी पुल न.2 और पुल न.3 के बीच बने घाट पर स्नान के दौरान अचानक डूबने लगी जहा ड्युटी पर तैनात मुख्य आरक्षी कामेश्वर राम,शैलेन्द सिंह,सूर्यभान के द्वारा तत्काल डूबती हुई महिला को बचाया गया प्रथामिक उपचार के बाद परिजनों को सुपुर्द किया गया परिजनों द्वारा डूबती हुई महिला का नाम जरोवती पत्नी सीताराम ग्राम जाफरापुर जिला प्रतापगढ़ का निवासी बताया गया। मेला क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था के साथ ही सेवा का भाव भी पुलिस कर्मियों के व्यवहार से दिखाई दिया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक माघ मेला के द्वारा निरीक्षण के दौरान समस्त पुलिस कर्मियों की कुशलता ली गयी तथा उनका उत्साहवर्धन किया गया तथा कमाण्ड सेन्टर के माध्यम से लगातार मेला क्षेत्र पर सतर्क दृष्टि रखी गयी। बसंत पंचमी स्नान पर्व सकुशल व सुरक्षित सम्पन्न कराने हेतु मेला पुलिस के आला अफसर लगातार मेला क्षेत्र में डटे रहें, तथा वरिष्ठ अधिकारीयों द्वारा मेला क्षेत्र में आये हुये स्नानार्थियों/ श्रद्धालुओं से लगातार उनका कुशलक्षेम पुछा गया। स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने मेले में लगी प्रदर्शनी का भी लुत्फ उठाया। मेला क्षेत्र में नव निर्मित 07 खोया पाया केन्द्रों के माध्यम से भूले भटकों को उनके परिजनों से मिलाया जा रहा है। स्नानार्थियों में धर्म आस्था के प्रति काफी उत्साह देखने को पाया गया तथा मेले की व्यवस्था देखकर देश के कोने-कोने से आये श्रद्धालुओं ने अत्यन्त प्रसन्नता व्यक्त की। पुलिस बल के अथक प्रयासों के फल स्वरूप बसंत पंचमी का यह स्नान पर्व भी शान्ति और सुगमता के साथ सकुशल सम्पन्न हुआ, जिसकी उच्चाधिकारीगणों द्वारा भूरि-भूरि प्रशंसा की गयी।



# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक माघ मेला की अध्यक्षता में डी-ब्रीफिंग, बसंत पंचमी स्नान पर्व सकुशल संपन्न होने पर सभी को आभार

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** रिजर्व पुलिस लाइन्स माघ मेला के मानसरोवर सभागार में आज दिनांक 27.01.2023 को बसंत पंचमी के सकुशल व निर्विघ्न सम्पन्न होने पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक माघ मेला डॉ0 राजीव नारायण मिश्र की अध्यक्षता में डी-ब्रीफिंग गोष्ठी आयोजित की गयी। इस दौरान मेला क्षेत्र में ड्यूटी के सम्बन्ध में समस्त क्षेत्राधिकारी/ थाना प्रभारी/अन्य शाखा प्रभारियों से अनुभव साझा किये गये एवं 'प्रतिपुष्टि' का आकलन करते हुए आगामी स्नान पर्व पर उक्त तैयारियों को और अच्छे से सम्पादित किया जा सके। इसके सम्बंध में वार्ता की गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक माघ मेला के द्वारा कल्पवासियों के संम्बन्ध में भी वार्ता करते हुए सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। कि कल्प वासियों को किसी भी प्रकार की कोई समस्या ना हो सभी थाना प्रभारी विशेष ध्यान देगे। बसंत पंचमी स्नान पर्व के सकुशल सम्पन्न होने पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक माघ मेला द्वारा सभी अधिकारी/कर्मचारी गण को बधाई देते हुए आभार प्रकट किया गया। इस अवसर पर माघ मेला पुलिस अधीक्षक आदित्य कुमार शुक्ल तथा समस्त अपर पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारीगण, थाना प्रभारी/अन्य इकाई प्रभारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।




# मोहम्मद अली पार्क प्रयागराज में 74 गणतंत्र दिवस ध्वजारोहण का राष्ट्रीय पर्व धूमधाम हर साल की भांति इस साल मनाया गया

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** वरिष्ठ व्यापारी रत्न सम्मान समारोह 74 वे गणतंत्र दिवस के अवसर पर 26 जनवरी को लोकप्रिय मेयर श्रीमती अभिलाषा गुप्ता (नंदी) मुख्य अतिथि के द्वारा ध्वजारोहण के पश्चात नगर के वरिष्ठ व्यापारी उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष श्री लालू मित्तल एवम गल्ला एवं तिलहन व्यापार मंडल के अध्यक्ष सतीश केसरवानी योगेश, सचदेवा , छ और कपड़ा व्यापारी को सम्मानित किया गया। सिविल डिफेंस के डिविजनल वार्डन चौक चौक सुधीर सक्सेना जी को दुशाला एवं माला पहनाकर सम्मान पत्र भेंट किया। आईसीओ सिविल डिफेंस चौक मोहम्मद याकूब। कार्यक्रम संचालन बसंत लाल आजाद कार्यक्रम अध्यक्षः कृष्ण भगवान केसरवानी उपाध्यक्ष : अशोक केसरवानी (बैरिंग) महामंत्री मोहम्मद इश्तियाक एवं सारे व्यापारी एकत्रित हुए।



# जिलाधिकारी द्वारा आर्यन पाण्डेय को किया गया सम्मानित

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
कौशाम्बी। हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा 2022 में जिले में तीसरा स्थान हासिल करने वाले छात्र को जिलाधिकारी ने किया सम्मानित आर्यन पाण्डेय धर्मा देवी इण्टर कॉलेज केन कनवार के छात्र हैं जिन्होंने बोर्ड परीक्षा 2022 में दसवीं में जिले में तीसरा स्थान अर्जित किया था जिसके लिए जिलाधिकारी कौशाम्बी द्वारा आज उदयन सभागार में आयोजित मेधावी छात्र/ छात्रा सम्मान समारोह कार्यक्रम में जिलाधिकारी कौशाम्बी द्वारा 21000 का चेक टैबलेट और प्रमाण पत्र देकर उन्हें सम्मानित किए गया है। आर्यन पाण्डेय कुंडा प्रताप गढ़ के रहने वाले हैं जो अजुहा में रहकर धर्मा देवी इण्टर कॉलेज में पढ़ाई कर रहे हैं और पिता जी इसी विद्यालय में शिक्षक हैं।




# हाई कोर्ट की टिप्पणी- इंटरनेट मीडिया पर गैरजिम्मेदारी से बोलने का हक नहीं

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने एक महत्वपूर्ण टिप्पणी में कहा है कि इंटरनेट (सोशल) मीडिया पर अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, नागरिकों को जिम्मेदारी के बिना कुछ भी बोलने का अधिकार नहीं देती है और न ही अमर्यादित भाषा के उपयोग का लाइसेंस प्रदान करती है। यह टिप्पणी न्यायमूर्ति शेखर कुमार यादव ने झांसी निवासी नंदिनी सचान की याचिका को खारिज करते हुए अपने आदेश में की है। कोर्ट ने कहा, 'आज के दौर में इंटरनेट मीडिया विचारों, मतों के आदान-प्रदान का वैश्विक मंच है। इंटरनेट और सोशल मीडिया जीवन का महत्वपूर्ण उपकरण बन गया है। इसके माध्यम से व्यक्ति अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अपने अधिकार का



इस्तेमाल कर सकते हैं, किंतु यह विशेष जवाबदेही वाला अधिकार है।' याची के खिलाफ आईटी अधिनियम की धारा 67 के तहत इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से अश्लील सामग्री को प्रकाशित या प्रसारित करने के आरोप में झांसी के नवाबाद थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस चार्जशीट पर न्यायिक मजिस्ट्रेट ने संज्ञान लिया है, जिसे चुनौती दी गई थी। याची का कहना था कि उसे झूठा फंसाया गया है। उसके खिलाफ काउंटर ब्लास्ट के तौर पर प्राथमिकी दर्ज कराई गई हैं। उसने विरोधी के बेटे का विवाह प्रस्ताव अस्वीकार कर दिया था, इसलिए उसे फंसाया गया है। कोर्ट ने कहा कि हालांकि इंटरनेट सोशल मीडिया ने अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का दायरा बढ़ा दिया है लेकिन यह अधिकार नागरिकों को जिम्मेदारी के बिना बोलने की कोई आजादी नहीं देता। प्राथमिकी से याची के खिलाफ संज्ञेय अपराध बन रहा है।



# नम आंखों से परिजनों ने शहीद कृष्ण चंद तिवारी को पुण्य तिथि पर दिया श्रध्दांजलि



(आधुनिक समाचार सेवा)
**हरहुआ /वाराणसी ।** रामेश्वर तीर्थ धाम निवासी शहीद कृष्णचंद तिवारी के 17वी पुण्य तिथि पर क्षेत्र के पूर्व सैनिकों व जनप्रतिनिधियों ने चित्र पर पुष्प अर्पित कर सच्ची श्रद्धांजलि दी। कृष्णचंद तिवारी 2991911 नायक राजपूत रेजिमेंट में 25 फरवरी 92 को भर्ती हुए थे।15 वर्ष तक देश की सेवा करते हुए गत 27 जनवरी को राजौरी क्षेत्र (जम्मू कश्मीर) के इखनी पोस्ट पर तैनात थे। लश्करे तोइबा और जैश मोहम्मद आतंकियो के साथ सुबह 5 बजे भोर में उनके मंसूबो को नाकाम करते हुए सीने पर 3 गोलियां खाकर शहीद हो गए थे। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी शहीद के घर लोगो का जमावड़ा शाम को लग गया। प0 विजय शंकर तिवारी ने मंगलाचरण के साथ दीप प्रवलित कराया।पत्नी संध्या तिवारी,इकलौता पुत्र विकास तिवारी पुत्री कुमुद ,रितिका बड़े भाई रामजी तिवारी भाभी श्री मति राजदेवी भतीजे त्रिभुवन व संजय तिवारी ने अश्रुपूरित नेत्रों से शहीद को टीका लगाकर याद किया।क्षेत्र के पूर्व सैनिक रविशंकर पांडेय, डॉ0 आर के सिंह, त्रिवेणी सिंह,राज्य प्रशिक्षक व पत्रकार के0 एल0 पथिक,प्रधान जगापट्टी घनश्याम सिंह यादव,डॉ0मंगला सिंह,रामगोपाल चौरसिया,कन्हैया मौर्य, कृष्ण कुमार सिंह ,मुन्ना सेठ, शिवप्रकाश सेठ, सुनील सिंह ,नागेंद्र यादव,राहुल त्रिपाठी,बीडीसी विशाल कुमार गुप्ता ,त्रिभुवन त्रिपाठी, संजय त्रिपाठी उपस्थित रहे।

# खरीदारी के बहाने ठगी, भरोसा जीतने के लिए पहले भेजे 100 रुपये फिर गायब कर दिए 96.50 हजार

(आधुनिक समाचार सेवा)
**वाराणसी ।** जालसाज ने आनलाइन शापिंग एप ओएलएक्स पर एसी और फ्रिज खरीदने के बहाने ताजोपुर, अर्दली बाजार की मालिनी सिंह के बैंक खाते से 96,500 रुपये उड़ा लिए। इस मामले में कैंट थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। पुलिस को दी गई तहरीर के अनुसार मालिनी सिंह ने ओएलएक्स पर एसी और फ्रिज बेचने के लिए विज्ञापन डाला था। इसे खरीदने के लिए शुक्रवार को मोबाइल संख्या 8982457469 से फोन आया। फोन करने वाले ने स्वयं को मर्चेंट नेवी का बताते हुए एसी व फ्रिज खरीदने की बात कही। गूगल पे पर रुपये भेजन के लिए उसने मालिनी से फोन नंबर लिया और दस रुपये और 100 रुपये भेजे। इसके बाद रुपये मिले या नहीं यह जांच करने के लिए कहा। मालिनी जब यह देख रही थीं, जालसाज ने उनका मोबाइल फोन हैक कर लिया। इसके बाद उनके बैंक खाते से 15,000 रुपये कट गए। मालिनी ने जालसाज से रुपये वापस करने को कहा। उसने रुपये वापस करने को मोबाइल फोन को आन रखने के लिए कहा और कुछ ही देर में खाते से 96,500 रुपये कट गए।



# सारनाथ में ऐतिहासिक धरोहर देख अभिभूत हुए सात देशों के 27 सैलानी

(आधुनिक समाचार सेवा)
**वाराणसी ।** भारत की प्राचीन संस्कृति, धरोहरों, यहां के रहन-सहन और खान-पान से विदेशी सैलानी रूबरू हुए। सात देशों के 27 विदेशियों का दल सारनाथ स्थित पुरातात्विक खंडहर परिसर में धरोहरों का अवलोकन कर अभिभूत हो उठा। इन देशों से आए पर्यटक पुरातात्विक खंडहर परिसर में सुबह करीब 11 बजे पहुंचे दल ने धर्मराजिका स्तूप, अशोक स्तंभ, प्राचीन मूलगंध कुटी बौद्ध मंदिर के अवशेष देखने के बाद धमेख स्तूप पर बनी कलाकृतियों व उसके इतिहास को जाना। इस दौरान हैंडीक्राफ्ट के कुछ सामान भी खरीदे। प्रोटोकॉल अधिकारी असलम खान ने बताया कि इस दल में अर्जेंटीना, बोत्सवाना, कनाडा, जापान, हंगरी, इंडोनेशिया, लिथुआनिया के कुल 27 सैलानी हैं।ये लोग 10 दिनों तक भारत के ऐतिहासिक स्थलों व संस्कृति शहरों का भ्रमण कर रहे हैं। इसके पहले अब तक छह दल भ्रमण कर चुके हैं। ये लोग दिल्ली -आगरा घूमने के बाद काशी में घाट, काशी विश्वनाथ मंदिर गंगा की आरती देखने के बाद लखनऊ में ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण करेंगे। काशी प्राचीन सांस्कृतिक नगरी है।



जितना सुना था यह स्थान उससे कहीं अधिक सुंदर है। भगवान बुद्ध की स्थली पर आकर बहुत शांति का अनुभव हुआ। -सपुत्री एस, इंडोनेशिया। भारत शानदार और शांतिप्रिय देश है। यहां आकर मुझे सुकून का अनुभव हो रहा है। मैं यहां ऐतिहासिक स्थलों पर उसके इतिहास को समझ रही हूं। -बोगोलो जे केन बोत्वना। आठ देशों के सदस्यों वाले एक प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को काशी हिंदू विश्वविद्यालय का दौरा किया। अर्जेंटीना, बोत्सवाना, कनाडा, यूक्रेन, हंगरी, इंडोनेशिया, जापान तथा लिथुआनिया के सदस्यों वाले इस प्रतिनिधिमंडल में छह भारतीय सदस्य भी थे। यह दौरा भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद् के जेनेक्सट डिमोक्रेसी नेटवर्क प्रोग्राम के अंतर्गत तथा कुलपति प्रो. सुधीर कुमार जैन के आमंत्रण पर अंतरराष्ट्रीय साझेदारियों को बढ़ावा देने के लिए आयोजित किया गया है। आठ देशों के सदस्यों वाले एक प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को काशी हिंदू विश्वविद्यालय का दौरा किया। अर्जेंटीना, बोत्सवाना, कनाडा, यूक्रेन, हंगरी, इंडोनेशिया, जापान तथा लिथुआनिया के सदस्यों वाले इस प्रतिनिधिमंडल में छह भारतीय सदस्य भी थे। यह दौरा भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद् के जेनेक्सट डिमोक्रेसी नेटवर्क प्रोग्राम के अंतर्गत तथा कुलपति प्रो. सुधीर कुमार जैन के आमंत्रण पर अंतरराष्ट्रीय साझेदारियों को बढ़ावा देने के लिए आयोजित किया गया है।

# गोरखपुर में 12 हजार लोगों को नहीं मिला डीएल, टेस्ट पास करने के बाद भी स्मार्ट कार्ड के लिए परेशान हैं अभ्यर्थी

(आधुनिक समाचार सेवा)
**गोरखपुर।** शहीद बंधू सिंह चालक प्रशिक्षण केंद्र चरगांवा में टेस्ट पास करने के बाद भी परमानेंट ड्राइविंग लाइसेंस नहीं बन पा रहा है। अन्य जनपदों की स्थिति भी यही है। गोरखपुर के करीब 12 हजार और प्रदेश के लगभग एक लाख तीस हजार अभ्यर्थी पिछले लगभग छह माह से स्मार्ट कार्ड का इंतजार कर रहे हैं। लाइसेंस के बिना हजारों अभ्यर्थियों का कार्य रुका पड़ा है। अभ्यर्थियों की परेशानी बढ़ती जा रही। जिम्मेदार संज्ञान नहीं ले रहे हैं डाक के माध्यम से नियमानुसार आठ से दस दिन में ड्राइविंग लाइसेंस दिए गए पते पर पहुंच जाना चाहिए, लेकिन अगस्त से अभ्यर्थियों को समय से लाइसेंस नहीं मिल रहा। इसमें महीनों लग जा रहे हैं। परेशान अभ्यर्थी चालक प्रशिक्षण केंद्र और परिवहन विभाग पहुंच रहे हैं, लेकिन निराशा ही हाथ लग रही है। हाथ खड़े कर दे रहे हैं अधिकारी संबंधित अधिकारी हाथ खड़े कर दे रहे हैं। उनका कहना है कि जिला मुख्यालय पर सिर्फ टेस्ट होता है। जिले की रिपोर्ट के आधार पर लखनऊ मुख्यालय से स्मार्ट कार्ड के रूप में ड्राइविंग लाइसेंस बनते हैं और अभ्यर्थी के पते पर भेजे जाते हैं। इस कार्य के लिए निजी एजेंसी नामित की गई है। गोरखपुर में प्रत्येक दिन लगभग 50 से 60 परमानेंट ड्राइविंग लाइसेंस बनते हैं। 30 से 40 लाइसेंस का नवीनीकरण होता है।



# स्वच्छ हवा के लिए गोरखपुर शहर को फिर मिले 4.6 करोड़, सीपीसीबी ने रुपये खर्च करने की मांगी कार्ययोजना

(आधुनिक समाचार सेवा)
**गोरखपुर।** महानगर की हवा की गुणवत्ता सुधारने के लिए नगर निगम को फिर चार करोड़ 60 लाख रुपये मिले हैं। इन रुपयों से उपकरणों की खरीद और वातारण में धूल उड़ने से रोकने के उपाय किए जाएंगे। नगर निगम को पहले भी नौ करोड़ 63 लाख 66 हजार 51 रुपये मिले हैं। यानी अब तक नगर निगम को 14 करोड़ 23 लाख 66 हजार 51 रुपये मिल चुके हैं। ठीक नहीं है महानगर में हवा की गुणवत्ता महानगर में हवा की गुणवत्ता की स्थिति ठीक नहीं है। लगातार पांच साल तक हवा की गुणवत्ता खराब मिलने पर केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने महानगर को नान अटेनमेंट सिटी में शामिल किया है। राष्ट्रीय वायु स्वच्छता कार्यक्रम के तहत 42 उपायों से वायु प्रदूषण को कम करते हुए हवा की गुणवत्ता ठीक करनी है।वायु प्रदूषण कम करने के लिए नगर निगम की ओर से हुए अब तक के प्रयासों की केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने जानकारी मांगी है। निधि के उपयोग की स्थिति की जानकारी लेने के लिए नोडल अधिकारी एके त्रिपाठी ने अपर जिलाधिकारी नगर विनीत सिंह और नगर निगम के मुख्य अभियंता संजय चौहान के साथ बैठक की। एके त्रिपाठी ने मिले धन के उपयोग की जानकारी मांगी। मुख्य अभियंता ने बताया कि उपकरणों की खरीद के लिए टेंडर की प्रक्रिया पूरी की जा रही है।



# 20 रुपये की शराब के लिए युवक की हत्याकर नदी में फेंका शव, स्कूटी जलाकर सूखे कुएं में फेंकी

(आधुनिक समाचार सेवा)
**वाराणसी ।** 20 रुपये की शराब के लिए भदोही के मोढ़ निवासी रंजीत सिंह की ईंट से मारकर हत्या की गई थी। उसकी स्कूटी को जलाकर कुएं में फेंक दिया गया था। यह राजफाश शनिवार को डीसीपी गोमती जोन विक्रांत वीर ने किया। इस मामले में दो आरोपितों कपसेठी थाना क्षेत्र के बनौली के मुन्ना राम व भगवान राम को गिरफ्तार किया गया है। डीसीपी ने बताया कि बड़ागांव थाना क्षेत्र के बलुआघाट इसरवार के पास वरुणा नदी में 15 जनवरी को युवक की लाश मिली थी। उसकी पहचान रंजीत सिंह के रूप में हुई। वह कई दिनों से लापता था। उसके गुमशुदा होने की रिपोर्ट स्वजनों ने आठ जनवरी को कपसेठी थाने में दर्ज कराई थी। शव मिलने के बाद पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर पुलिस को हत्या करने की जानकारी हुई। इस पर 22 जनवरी को अज्ञात के खिलाफ हत्या मुकदमा दर्ज करके पुलिस मामले की छानबीन कर रही थी।शनिवार को जानकारी मिली कि रंजीत की हत्या के दोनों आरोपित बाजार कालिका के बबुरहनिया तिराहा के पास मौजूद हैं। कपसेठी थाना प्रभारी सतीश यादव, सब इंस्पेक्टर अरविंद यादव, गौरव सिंह, चंद्रभूषण समेत अन्य पुलिसकर्मियों संग घेरेबंदी करके उनको गिरफ्तार कर लिया। अधिक शराब मांगने पर हुई लड़ाई हत्यारोपितों ने पुलिस की पूछताछ में बताया कि पांच जनवरी को रंजीत स्कूटी से अपनी भाभी व पत्नी को इलाज के लिए कपसेठी ले आया था। दोनों को आटो से भाभी के मायके गहरपुर भेजने के बाद खुद शराब पीने के लिए बाजार कालिका में ठेके पर गया। नशे की हालत में वहां से निकला तो उसकी मुलाकात थोड़ी दूर ही मौजदू आरोपितों मुन्ना राम व भगवान राम से हुई। दोनों से उसने गहरपुर गांव जाने का रास्ता पूछा। दोनों उसकी सहायता के लिए साथ जाने को तैयार हुए।इसी दौरान एक बार फिर रंजीत ने शराब पीने की इच्छा जताई। मुन्ना राय व रंजीत ने रुपये मिलाकर 120 रुपये की शराब खरीदी। इसमें 50 रुपये रंजीत व 70 रुपये मुन्ना ने दिया था। अधिक रुपये देने की वजह से मुन्ना अधिक शराब पीने की जिद करने लगा। इस पर रंजीत से उसकी लड़ाई होने लगी। मुन्ना ने ईंट से उसके सिर पर वार दिया जिसके वह बेहोश हो गया। पुलिस व पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हत्या के समय में अंतर पुलिस के अनुसार रंजीत की हत्या पांच जनवारी की हुई। 15 जनवरी को उसकी लाश बरामद हुई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हत्या का समय 12-13 जनवरी बताई जा रही है। इतने दिनों के अंतर के बारे में डीसीपी गोमती जोन विक्रांत वीर का कहना है इसकी जांच कराई जा रही है। अधिकारियों का कहना रहा कि हत्यारे रंजीत को बेहोशी की हालत में नदी के पानी में न फेंककर बाहर ही छोड़ दिए होते तो हो वह बच सकता था।दोनों आरोपित बेहोश रंजीत को उसकी ही स्कूटी पर लादकर बलुआघाट इसरवार के पास ले गए। वहां रंजीत को वरुणा नदी में फेंक दिया। कालिकाधाम पुल के नीचे स्कूटी में आग लगा दी। उसके अवशेष को बोरे में भरकर बनौली गांव स्थित सूखे कुएं में फेंक दिया। उनकी निशानदेही पर पुलिस ने कुएं से अवशेष बरामद कर लिया। फुटेज से हुआ राजफाश मामले की जांच में जुटी पुलिस को जानकारी मिली थी कि रंजीत शराब पीने कालिका बाजार स्थित शराब ठेके पर गया था।



सीधे प्रवेश
100% Placement
15% Fee Concession
नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र
(भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त)
(पहले आओ पहले पाओ)
❖ प्रशिक्षण में उत्तीर्ण होने वाले छात्रों को रोजगार पाने का पूर्ण अवसर
❖ हाइस्कूल में 60% से उपर अंक लाने वाले छात्रों को प्रशिक्षण शुल्क में 15% प्रतिशत की छूट दी जायेगी।





➢ कम्प्युटर आपरेटर (कोपा) — फिटर
➢ डेटा इंट्री आपरेटर — वेल्डर
➢ फायर सेफ्टी — सीसीए
➢ कम्प्युटर टीचर ट्रेनिंग — रेफ्रीजरेटर एवं ए.सी.
➢ इलेक्ट्रीशियन — सिक्योरिटी सर्विस
➢ सीएनसी प्रोग्रामिगं — बेसिक कम्प्युटर
➢ इलेक्टिक मैकैनिक — कम्प्युटर हाडवेयर





Apply Online: www.nainiiti.com | Mail us at – info@nainiiti.com
प्रवेश हेल्पलाइन नं0
8081180306 , 9415608710 , 8103021873
➪ इण्डियन कॉफी हाउस के सामने तुलसीयानी प्लाजा , तीसरी मंजिल , सिविल लाइन , प्रयागराज।

# रेल यात्रियों के लिए खुशखबरी स्टेशनों पर ही मिट जाएगी सफर की थकान, जानें- क्या है रेलवे का प्लान

(आधुनिक समाचार सेवा)
**गोरखपुर।** अब स्टेशनों पर ही रेल यात्रा की थकान मिट जाएगी। इसके साथ ट्रेनों के इंतजार में प्रतीक्षालय में ऊब रहे यात्रियों को भी स्टेशन पर तरोताजा होने की सुविधा मिल जाएगी। यात्रियों को मसाज के लिए यात्रियों को निर्धारित मूल्य चुकाना पड़ेगा। अभी इसकी दर निर्धारित नहीं हुई है, जल्द ही इस पर मुहर लग जाएगी। जानकारों का कहना है कि यात्रियों को स्टेशन पर बाजार से कम कीमत पर ही मसाज की सुविधा मुहैया



सहूलियत देने के लिए रेलवे स्टेशनों पर मसाज चेयर लगाई जाएंगी। शुरुआत पूर्वोत्तर रेलवे के गोरखपुर और लखनऊ जंक्शन से होगी। प्रयोग सफल रहा तो अन्य प्रमुख स्टेशनों पर भी यह सुविधा शुरू होगी। लखनऊ मंडल प्रशासन ने गोरखपुर और लखनऊ जंक्शन पर मसाज चेयर कियोस्क (स्टाल) लगाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। तीन- तीन मसाज चेयर के लिए एजेंसी नामित कर दी गई है। स्टेशन के मुख्य द्वार के आसपास आठ गुणा दस वर्ग मीटर स्थल चिह्नित करने की तैयारी चल रही है। इस पहल से रेलवे की कमाई तो बढ़ेगी ही, यात्रियों को भी अतिरिक्त सुविधा मिल जाएगी। हालांकि, होगी। इसके लिए एजेंसी से चर्चा चल रही है। दरअसल, 12 से 48 घंटे की यात्रा के बाद लोग थक जाते हैं। अगर ट्रेन लेट हो गई तो यात्रा पहाड़ चढ़ने जैसी हो जाती है। थकान के चलते कार्य प्रभावित होते हैं। घर पहुंचकर लोग थकान महसूस करते हैं। पूर्वोत्तर रेलवे के पंकज कुमार सिंह मुख्य जनसंपर्क अधिकारी ने बताया कि यात्रियों को बेहतर सुविधा प्रदान करने के लिए रेलवे द्वारा सतत नए प्रयोग किए जा रहे हैं। इसी क्रम में नव प्रयोग के अंतर्गत लखनऊ और गोरखपुर जंक्शन पर मसाज चेयर कियोस्क लगाने के लिए करार किया गया है।

# चोरी के सम्बन्ध मे चार वांछित अभियुक्तगण को चोरी के सामान सहित किया गिरफ्तार

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** पुलिस अधीक्षक सोनभद्र डॉ0 यशवीर सिंह के निर्देशन में जनपद सोनभद्र में चोरी पर प्रभावी रोकथाम लगाने तथा चोरी की




घटनाओं के शीघ्र अनावरण व उसमें संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना रॉबर्ट्सगंज पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0-42/2023 व 46/2023 धारा 457, 380, 411 भादवि से सम्बन्धित 04 नफर वांछित अभियुक्तगण को चोरी के सामान के साथ गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई की गयी। **गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण-** 1. फिरोज उर्फ नाटे पुत्र जुम्मन, निवासी वार्ड न0- 07 आर्यनगर, थाना रा0गंज, जनपद सोनभद्र। 2. राहुल उर्फ राजा रावत पुत्र स्व0 गोपाल रावत, निवासी वार्ड न0- 07 पुरानी पुलिस चौकी के पास थाना रा0गंज जनपद सोनभद्र। 3. मोहन राम पुत्र रामवृक्ष निवासी वार्ड न0- 07 आर्यनगर रोडवेज के पास थाना रा0गंज जनपद सोनभद्र। 4. शिवा राम उर्फ चतुरी पुत्र शोभनाथ राम, निवासी बढ़ौली, थाना रा0गंज जनपद सोनभद्र। **बरामदगी का विवरण-** एक अदद आधार कार्ड, कैप्टन सिगरेट 37 डब्बा, मोमेन्ट रेगुलर सिगरेट 20 डब्बा,सिगरेट 01 बण्डल,07 पैकेट, ग1 ऊँण्ण्य पैकेट, साबून 02 अदद, पियर्स साबुन 01 अदद, जैसमीन तेल 01 अदद, आंवला तेल 01 अदद, 01 अदद, डाबर सरसो आवला कैश तेल 01 अदद, हल्दी राम भुजिया 01 पैकेट, हल्दीराम चटपटा मिक्स्चर 01 पैकेट, हल्दीराम नवरत्न नमकीन एक पैकेट, फेयर एण्ड लवली क्रीम 02 पैकेट, काजू व बादाम मिक्स 01 किलो, चांदी का एक अदद लक्ष्मी गणेश सिक्का, 05 रुपये 02 रुपये व 01 रुपये का सिक्का कुल 965 रुपये, एक अदद स्टिल का ड्रम, दो अदद स्टील का कलछुल, दो अदद स्टील का थाली, 02 अदद स्टील का प्लेट, एक अदद स्टील का कटोरा, एक बोरी में 49 किलो गेहूं तथा एक बण्डल पुराना तार। **गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम-** 1. उ0नि0 सूर्यभान, थाना रॉबर्ट्सगंज, जनपद सोनभद्र। 2. व0उ0नि0 मो0 ऐश खान, थाना रॉबर्ट्सगंज,जनपद सोनभद्र। 3. उ0नि0 मो0 अर्शद खां, थाना रॉबर्ट्सगंज, जनपद सोनभद्र। 4. हे0का0 अमित सिंह, थाना रॉबर्ट्सगंज, जनपद सोनभद्र। 5. आरक्षी अंकित सोनकर, थाना रॉबर्ट्सगंज, जनपद सोनभद्र। 6. आरक्षी रणंजय सिंह, थाना रॉबर्ट्सगंज जनपद सोनभद्र।

# क्राइम ब्रांच कि टिम के द्वारा 15,5 किग्रा नाजायज गाजे के साथ दो अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** पुलिस अधीक्षक सोनभद्र डॉ0 यशवीर सिंह के कुशल निर्देशन में अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम मे अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) एवं क्षेत्राधिकारी नगर के निकट पर्यवेक्षण एवं नेतृत्व मे को क्राइम ब्रान्च व रॉबर्ट्सगंज पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा 02 नफर अभियुक्तगण 1. हेमन्त खरवार पुत्र प्रेमनाथ खरवार, निवासी बाराडाइ, थाना माची, जनपद सोनभद्र, उम्र लगभग 30 वर्ष। 2. विशोक खरवार पुत्र मोहन सिंह, निवासी बाराडाइ, थाना माची, जनपद सोनभद्र, उम्र लगभग 28 वर्ष को मुखबिर की सूचना पर ग्राम सेहुँआ जाने वाली तिराहे के पास उनके कब्जे से 15 किलो 500 ग्राम नाजायज गांजा बरामद किया गया उपरोक्त गिरफ्तारी/बरामदगी के सम्बन्ध मे थाना रॉबर्ट्सगंज मे मु0अ0सं0-48/2023 8/20 का अभियोग पंजीकृत



कर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की गयी। **गिरफ्तार अभियुक्तगयम का विवरणः-** 1. हेमन्त खरवार पुत्र प्रेमनाथ खरवार निवासी बाराडाड थाना माची जनपद सोनभद्र उम्र करीब 30 वर्ष 2. विशोक खरवार पुत्र मोहन सिंह निवासी बाराडाइ थाना माची जनपद सोनभद्र उम्र करीब 28 वर्ष **बरामदगी का विवरण-** 1.हरे रंग की प्लास्टिक की बोरी मे कुल 15 किलो 500 ग्राम नाजायज गांजा बरामद। **गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम-** 1. प्रभारी सर्विलांस सेल, निरीक्षक साजिद सिद्दीकी, मय सर्विलांस टीम। 2. प्रभारी एस0ओ0जी निरीक्षक देवेन्द्र प्रताप सिंह,मय एस0ओ0जी टीम। 3. उ0नि0 मिट्ठू प्रसाद, थाना रॉबर्ट्सगंज, जनपद सोनभद्र। 4. मुख्य आरक्षी हरिओम यादव, थाना रॉबर्ट्सगंज, जनपद सोनभद्र। 5. मुख्य आरक्षी कमलाकर सिंह, थाना रॉबर्ट्सगंज, जनपद सोनभद्र सोनभद्र।

# एसडीएम और तहसीलदार के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का केस

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** सदर कोतवाली पुलिस ने शनिवार की रात राबर्ट्सगंज तहसीलदार की तहरीर पर तहसील के तत्कालीन एवं ओबरा के वर्तमान




एसडीएम राजेश सिंह और दुद्धी के तहसीलदार बृजेश वर्मा के खिलाफ गैर इरातदन हत्या के केस दर्ज किया गया। सोनभद्र सदर कोतवाली पुलिस ने शनिवार की रात राबर्ट्सगंज तहसीलदार की तहरीर पर तहसील के तत्कालीन एवं ओबरा के वर्तमान एसडीएम राजेश सिंह और दुद्धी के तहसीलदार ब्रजेश वर्मा के खिलाफ गैर इरातदन हत्या के केस दर्ज किया गया। यह कार्रवाई बकाएदार सुधाकर दुबे के मौत की मजिस्ट्रेटी जांच पूरी होने के बाद हुआ है। बता दें कि राबर्ट्सगंज तहसील के राजस्व लॉकअप में बकाएदार सुधाकर दुबे की मौत हो गई थी। यूबीआई से लिए गए 10.21 लाख रुपये बकाया की रिकवरी के लिए जारी आरसी के सापेक्ष सदर तहसील के संग्रह अमीन, तहसीलदार द्वारा इलेक्ट्रॉनिक्स दुकान के संचालक सुधार प्रसाद दुबे को राजस्व बंदी गृह में रखा गया था। इसी दौरान हवालात में रखे जाने के दौरान 19 मई को तबीयत बिगड़ने से सुधाकर दुबे की मौत हो गई थी। तब तहसीलदार ने घटना की सूचना अधिकारियों को नहीं दी थी।

# तीन सीओ समेत पांच थाना प्रभारियों के कार्यक्षेत्र में फेरबदल

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मिर्जापुर।** जिले के तीन सीओ समेत पांच थाना प्रभारियों के कार्यक्षेत्र में पुलिस अधीक्षक संतोष मिश्रा ने



फेरबदल कर दिया है। राजगढ़ थाना प्रभारी और चुनार सीओ को हटाए जाने को लेकर तरह-तरह की चर्चा हो रही है। सीओ चुनार को हाल ही में चार्ज दिया गया था। उधर, जिले से स्थानांतरण होने के बाद भी कई पुलिसकर्मी प्रभार में बने हुए हैं। गणतंत्र दिवस पर सिल्वर मेडल पाने वाले देहात कोतवाल का भी स्थानांतरण किया गया है। पुलिस अधीक्षक ने चुनार सीओ मंजरी राव को हटाकर सीओ बिल्डिंग बना दिया है, जबकि उनको डेढ़ माह पहले ही सीओ चुनार बनाया गया था। सीओ मड़िहान (ऑपरेशन) उमाशंकर सिंह को सीओ चुनार, अनिल कुमार पांडेय को सीओ ऑपरेशन बनाया गया है। देहात कोतवाल को गणतंत्र दिवस पर प्रशंसा चिन्ह सिल्वर मेडल मिला। इसके अगले ही दिन उनको हटाकर अपराध शाखा में विवेचना विंग में भेजा गया है। पुलिस लाइन से निरीक्षक बृजेश सिंह को देहात कोतवाल बनाया गया है। पड़री थानाध्यक्ष माधव सिंह को एसओजी प्रभारी बनाया गया है। चुनार थाने में तैनात निरीक्षक अपराध अरविंद कुमार पांडेय को थाना प्रभारी जिगना तथा निरीक्षक समर बहादुर को थाना प्रभारी चील्ह बनाया गया है। राजगढ़ थाना प्रभारी अरुण दुबे को हटाया गया है। उनके स्थान पर पुलिस लाइन से निरीक्षक राणा प्रताप को राजगढ़ का थानाध्यक्ष बनाया गया है। एसओजी प्रभारी निरीक्षक सत्येंद्र कुमार यादव को निरीक्षक अपराध थाना कछवां, चील्ह थानाध्यक्ष अजीत कुमार श्रीवास्तव को पड़री थाने का प्रभारी बनाया गया है।

# मुख्य मंत्री सामूहिक विवाह हुआ सम्पन्न

## 422 जोडे ने एक दूजे का साथ निभाने का लिया वचन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** ब्लॉक राबर्ट्सगंज, घोरावल, करमा व चतरा में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह का हुआ आयोजन माननीय मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत



422 जोड़े एक-दूजे के हुए मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना समारोह के अन्तर्गत जनपद में सामूहिक विवाह का आयोजन किया गया, जिसमें ब्लॉक राबर्ट्सगंज में 111 जोड़े एक-दूजे के हुए जहॉ पर विधायक घोरावल डॉ0 अनिल कुमार मौर्या, जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह, मुख्य विकास अधिकारी सौरभ गंगवार, भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत चैबे, जिलाध्यक्ष अपना दल सत्यनारायण पटेल, ब्लाक प्रमुख चोपन श्रीमती लीलावती, ब्लाक प्रमुख सदर अजीत रावत आदि ने वर-वधू को आशिर्वाद देते हुए उनके सुखद जीवन की मंगल कामना की। इसी प्रकार से ब्लाक चतरा में 129 जोड़े एक-दूजे के हुए, इस दौरान मा0 विधायक सदर भूपेश चैबे, जिलाध्यक्ष भाजपा अजीत चैबे, मुख्य विकास अधिकारी सौरभ गंगवार ने वर-वधू को आशीर्वाद देते हुए उनके सुखद जीवन की मंगल कामना की, इसी प्रकार से घोरावल ब्लाक में कुल 106 जोड़े एक-दूजे के हुए, जिसमें विधायक घोरावल अनिल कुमार मौर्या, मुख्य विकास अधिकारी सौरभ गंगवार, जिला विकास अधिकारी शेषनाथ चैहान, परियोजना निदेशक आर0एस0 मौर्या, ब्लाक प्रमुख घोरावल, ब्लाक प्रमुख राबर्ट्सगंज, जिला समाज कल्याण अधिकारी रमाशंकर यादव ने वर-वधू को अपना आशीर्वाद देकर उनके सुखद जीवन की मंगल कामना की। इसी प्रकार से करमा ब्लाक में कुल 76 जोड़े एक-दूजे के हुए, जिसमें विधायक घोरावल अनिल कुमार मौर्या, ब्लाक प्रमुख करमा सीमा देवी ने वर-वधू को अपना आशीर्वाद देकर उनके सुखद जीवन की मंगल कामना की, आज जनपद में चार ब्लाकों में कुल 422 जोड़े एक दूजे के हुए। इस योजना के तहत 51-51 हजार रूपये प्रति जोडे सरकार की तरफ से खर्च किये जा रहे हैं, जिसमें 35-35 हजार की रकम कन्या के खाते मे भेजी जा रही है और प्रति जोडे 10-10 हजार रूपये के घर-गृहस्थी के समान तथा 06-06 हजार रूपये प्रति जोडे शादी समारोह पर खर्च किये जा रहे हैं, आयोजित सामूहिक विवाह समारोह कार्यक्रम में ग्रासिम कम्पनी रेनुकूट द्वारा विवाहित जोड़ों को बेडशीट उपलब्ध करायी गयी।

# हादसे में बाइक सवार युवक की मौत

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मिर्जापुर।** कछवां थाना क्षेत्र के खैरा पुलिस चौकी से पहले सड़क पर फैली गिट्टी के चलते बाइक सवार युवक अनियंत्रित होकर गिर गया। हादसे में बाइक सवार युवक और किशोरी घायल हो गई। युवक को गंभीर चोट लगी। मौके पर पहुंची पुलिस युवक को अपने गाड़ी से लेकर सीएचसी ले गई। वहां से उसे ट्रामा सेंटर वाराणसी रेफर कर दिया गया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मौत से परिवार में कोहराम मच गया। कछवां कस्बा निवासी दीना शर्मा और उनके पुत्र संजय शर्मा क्लीनिक खोले हुए हैं। संजय शर्मा का पुत्र उत्सव शर्मा (26) अपने मित्र की बहन को परीक्षा दिलाने के लिए सीखड़ गांव के एक कॉलेज की तरफ जा रहा था। खैरा पुलिस चौकी से करीब 300 मीटर पहले सड़क पर फैली गिट्टी के चलते बाइक अनियंत्रित होकर पलट गई। बाइक से गिरकर वह गंभीर रूप से घायल हो गया। बाइक पर बैठी किशोरी को हल्की चोट लगी। गंभीर रूप से घायल युवक उत्सव शर्मा अचेत हो गया। हादसे की सूचना पर मौके पर पहुंचे थानाध्यक्ष राम स्वरूप वर्मा अचेत युवक को बोलेरो वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कछवां ले गए। जहां चिकित्सकों ने हालत गंभीर होने पर उत्सव को ट्रामा सेंटर बीएचयू रेफर कर दिया। सूचना पर पहुंचे परिजन युवक को ट्रामा सेंटर ले गए। जहां उपचार के दौरान युवक की मौत हो गयी। मौत से परिवार में कोहराम मच गया। थानाध्यक्ष राम स्वरूप वर्मा ने बताया कि हादसे के बाद बाइक सवार को अस्पताल ले आया गया। यहां से ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया। जहां इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को हेल्थ एटीएम की सौगात

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मिर्जापुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अब हेल्थ एटीएम की सुविधा उपलब्ध होगी। गंभीर बीमारियों की गरीबों को बाहर से जांच नहीं करानी पड़ेगी। हेल्थ एटीएम मशीन के लोगों को इलाज के लिए जिला अस्पताल अथवा निजी चिकित्सालय में जाना पड़ता था। इससे धन और समय दोनों बर्बाद होता था। मड़िहान में यह सुविधा उपलब्ध होने से गरीबों नहीं रहेगा। मुख्या चिकित्साधिकारी डॉ. राजेंद्र प्रसाद गुप्ता ने बताया कि मड़िहान के अलावा राजगढ़ व अहरौरा में भी मशीन उपलब्ध हो गयी है। स्वास्थ्य टीम की



से एक मिनट में 70 तरह की जांच हो सकेगी। हेल्थ एटीएम का लाभ मड़िहान के करीब डेढ़ लाख लोगों को मिलेगा। यह जानकारी मड़िहान विधायक रमाशंकर सिंह पटेल ने शनिवार को हेल्थ एटीमए के उद्घाटन के दौरान दी। उन्होंने कहा कि गंभीर बीमारियां होने पर तहसील क्षेत्र का समय और पैसा दोनों बचेगा। जांच में ईसीजी से लेकर लिपिड प्रोफाइल, ब्लड शुगर आदि की रिपोर्ट तत्काल मिल सकेगी। एटीएम हेल्थ मशीन उपलब्ध होने से स्वास्थ्य टीम को भी राहत मिलेगी। स्वास्थ्य सुविधाएं बढ़ने से मरीजों, तीमारदारों को अन्यत्र जाने अथवा रेफर होने का झंझट मांग पर विधायक ने पटेहरा को भी जल्द हेल्थ एटीएम मशीन उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। इस दौरान डॉ. एके राय, डॉ. महेंद्र सिंह चौधरी, डॉ. आरएस वर्मा, डॉ. अश्विनी सहाय, डॉ. एसपी गुप्ता, उदयभान, राजेश पटेल, अनंत पांडेय आदि मौजूद रहे।

# बाइक के टक्कर से महिला घायल

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मिर्जापुर।** हलिया थाना क्षेत्र के हलिया-ड्रमंडगंज मार्ग पर कोटार गांव के पास शनिवार को सुबह सड़क पार कर रही महिला को हलिया के तरफ से घर वापस जा रहे बाइक सवार ने टक्कर मार दिया। इस हादसे में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के बाद महिला को मंडलीय अस्पताल रेफर कर दिया गया। मध्य प्रदेश के सिंगरौली जिला चितरंगी विच्छी निवासी गुलविया (67) पत्नी मनफेर यादव अपने बहनोई भोला यादव निवासी कोटार थाना हलिया के यहां इलाज कराने आई थीं। शनिवार को सुबह महिला घर के सामने सड़क पार कर रही थी। इस बीच हलिया की तरफ से नौगवां निवासी बाइक सवार दो लोग घर जा रहे थे। बाइक सवार ने महिला




को टक्कर मार दिया। जिसे ग्रामीणों ने दौड़ाकर दो किलोमीटर दूर पकड़ लिया ग्रामीणों ने प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार सिंह को सूचना देकर बाइक सवारों को पुलिस को सौंप दिया। गंभीर रूप से घायल महिला को एंबुलेंस से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। जहां डॉ. हर्षवर्धन ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देख महिला को मंडलीय अस्पताल रेफर कर दिया।

# सात थानों में एक भी मामले का निस्तारण नहीं

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मिर्जापुर।** जिले के सभी थानों में शनिवार को समाधान दिवस का आयोजन कर लोगों की शिकायतों की सुनवाई की गई। इस दौरान जिले के 18 थानों पर 153 प्रार्थना पत्र आए। मौके पर मात्र 26 का निस्तारण किया जा सका। सात थानों में एक भी मामले का निस्तारण नहीं हो सका। थाना समाधान दिवस पर शहर कोतवाली में सात में से दो, कटरा कोतवाली में 13 में से एक, विंध्याचल में 12 में से सात, कछवां थाने में 10 में से चार, लालगंज में पांच में से दो, हलिया में छह में से एक, जिगना में 15 में से तीन शिकायतों का निस्तारण हो पाया। इसी तरह से अदलहाट में पांच में से एक, अहरौरा में 11 में से पांच प्रार्थना पत्रों का निस्तारण हुआ। देहात कोतवाली में 21, चील्ह में 13, पड़री में नौ, ड्रमंडगंज में तीन, संतनगर में सात, चुनार में चार, जमालपुर में तीन, राजगढ़ में एक, मड़िहान में आए आठ प्रार्थना पत्रों में एक का भी निस्तारण नहीं हो सका। उधर, पुलिस उप महानिरीक्षक विंध्याचल परिक्षेत्र आरपी सिंह ने मड़िहान थाने में लोगों की फरियाद सुनी। एसपी संतोष मिश्रा, सीडीओ श्रीलक्ष्मी वीएस ने शहर कोतवाली में लोगों की फरियाद सुनी। मड़िहान में डीआईजी आरपी सिंह ने शिकायतों की सुनवाई की। इस दौरान चार फरियादी आए। शिकायतों के निस्तारण के लिए दो टीमों का गठित कर मौके पर भेजा गया। समाधान दिवस के बाद डीआईजी ने महिला हेल्प डेस्क व साइबर सेल आदि कार्यालयों का निरीक्षण किया। महिला हेल्प डेस्क रजिस्टर पर अंकित शिकायतों में सभी फरियादियों के डिटेल के सामने संतुष्ट लिखा होने पर उन्होंने नाराजगी जताई। उन्होंने पुलिस अधिकारियों से उन्होंने सवाल किया कि ऐसा कैसे हो सकता है कि सभी फरियादी संतुष्ट हो सकते हैं। उन्होंने फरियादियों का मोबाइल फोन नंबर रजिस्टर में अंकित करने का निर्देश दिया। इस दौरान सीओ ऑपरेशन अनिल कुमार पांडेय, नायब तहसीलदार बिंदु नंदन सिंह, थानाध्यक्ष शैलेश कुमार राय, रमेश कुमार, उपनिरीक्षक सर्वानंद यादव आदि मौजूद रहे। जिगना में समाधान दिवस पर अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे अमरेंद्र वर्मा ने लोगों की शिकायतें सुनीं। पुलिस व राजस्व विभाग को समस्याओं का समाधान कराने का निर्देश दिया। शिकायतों के निस्तारण के लिए टीम गठित कर रवाना की गई। हलिया थाने में एसडीएम लालगंज नवनीत सेहरा ने लोगों की शिकायतों की सुनवाई की। इस दौरान सीओ लालगंज दीक्षांत राज, प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार सिंह आदि मौजूद रहे। जमालपुर थाने में उपजिलाधिकारी




चुनार नीरज पटेल ने शिकायतों की सुनवाई की। इस दौरान थानाध्यक्ष मनोज कुमार, खंड शिक्षाधिकारी डॉ.अरुण कुमार सिंह आदि मौजूद रहे। अदलहाट थाने में नायब तहसीलदार अरुण कुमार यादव ने शिकायतों की सुनवाई की। एक मामले का मौके पर निस्तारण किया गया। तीन मामले राजस्व से संबंधित आए। इस दौरान थाना प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार चौरसिया, उपनिरीक्षक आरके सिंह आदि मौजूद रहे। लालगंज थाने में अधिकतर मामले जमीन से संबंधित आए। थानाध्यक्ष ज्ञानू प्रिया ने लोगों की शिकायतों की सुनवाई की। संतनगर थाने में तहसीलदार मड़िहान फूलचंद यादव ने शिकायतों की सुनवाई की। पांच मामले राजस्व विभाग से संबंधित और दो मामले पुलिस विभाग से संबंधित आए।

# लखनऊ और ओबरा की टीमें बनी विजेता

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** स्थानीय आंबेडकर स्टेडियम में आयोजित पांचवें मास्टर ब्लास्टर कप टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता में शनिवार को पहला सेमीफाइनल मुकाबला लखनऊ और शुभम क्रिकेट क्लब दिल्ली के बीच खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए लखनऊ की टीम ने 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 118 रन बनाया। संजय ने 24 और विकास ने 17 रनों का योगदान दिया। विपक्षी टीम के गेंदबाज आशुतोष और शुभम ने तीन-तीन विकेट चटकाए। 119 रनों का पीछा करने उतरी शुभम क्रिकेट क्लब दिल्ली की टीम 20 ओवर में 93 रन बनाकर आलआउट हो गई। लखनऊ ने इस मैच को 25 रनों से जीतकर फाइनल में प्रवेश किया। सौरभ माथुर ने 21 व आशुतोष ने 12 रन बनाये। वहीं प्रतियोगिता का दूसरा सेमीफाइनल मैच यंग स्टार ओबरा और अनपरा के बीच खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए अनपरा की टीम ने 20 ओवर में सभी विकेट खोकर 124 रन बनाया। शिवम ने सर्वाधिक 52 व सौरभ ने 23 रनों की पारी खेली।

# खेत में मिला वृद्धा का शव, ठंड लगने की आशंका

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मिर्जापुर।** कछवां क्षेत्र के पाहो बाजार के पीछे एक खेत में



शनिवार को सुबह एक वृद्धा का शव मिला। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने शव की शिनाख्त की। परिजनों ने ठंड से मौत होने की आशंका जताई। कछवां थाना क्षेत्र के पाहो बाजार के एक खेत में वृद्धा का शव मिलने की सूचना पर पहुंची पुलिस ने आस-पास के लोगों से जानकारी लेकर परिजनों को सूचना दी। मौके पर पहुंचे परिजनों ने शव की शिनाख्त बजहा गांव निवासी बबना देवी (75) पत्नी राम मूरत के रूप में की। बबना देवी के पुत्र जोगेंदर ने बताया कि उनकी मां बीमार चल रही थीं। उनका उपचार बीएचयू के चिकित्सकों के माध्यम से चल रहा था। शनिवार को सुबह मां घर से कहीं निकल गई थीं। दोपहर में सूचना मिला कि एक महिला का शव पाहो बाजार के पीछे खेत में पड़ा है, पहचान नहीं हो पा रही है। मौके पर पहुंचकर देखे तो मां का शव खेत में पड़ा था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थानाध्यक्ष राम स्वरूप वर्मा ने बताया कि वृद्धा मानसिक रूप से कमजोर थी। प्रथम दृष्टया मामला ठंड से मौत का लग रहा है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से ही मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा।

# हार्दिक और राहुल द्रविड़ को मिली पाकिस्तान से नसीहत, पूर्व कप्तान ने कहा- इन दो खिलाड़ियों में से एक को खिलाओ

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** हार्दिक की कप्तानी में भारतीय टी20 टीम का नया दौरा शुरु हो गया है। टी20 विश्व कप के बाद से लगातार अनुभवी खिलाड़ी विराट कोहली और रोहित शर्मा कप्तान राशिद लतीफ ने अपने यूट्यूब चैनल पर विराट कोहली और रोहित शर्मा के भविष्य को लेकर बात की। उन्होंने कहा, आप केएल राहुल का रिप्लेसमेंट आसानी से ढूढ़ सकते हैं, लेकिन रोहित एक साथ खेलना शुरु किया, दोनों के बीच कुछ समानताएं भी हैं, जिसका फायदा भारत को मिल सकता है।पाकिस्तान के पूर्व कप्तान राशिद लतीफ ने कहा कि कोच और कप्तान को इन दोनों के





को टी20 टीम से बाहर रखा जा रहा है। ऐसे में पाकिस्तान के पूर्व कप्तान राशिद लतीफ ने दोनों खिलाड़ियों के टी20 क्रिकेट के भविष्य को लेकर चिंता जाहिर की है। साथ ही एक वीडियो के जरिए कोच राहुल द्रविड़ और कप्तान हार्दिक को संदेश भेजा है। पाकिस्तान क्रिकेट लीजेंड और पूर्व शर्मा और विराट कोहली का रिप्लेसमेंट आप नहीं खोज सकते। राशिद ने आगे कहा, ठभविष्य में शुभमन गिल, पृथ्वी शॉ और ईशान किशन इनके रिप्लेसमेंट हो सकते हैं, लेकिन फिलहाल आने वाले टी20 विश्व कप से पहले इनको बाहर करना सही नहीं हो सकता। दोनों के पास काफी अनुभव है, दोनों ने खिलाड़ियों पर विचार करना चाहिए। आने वाले टी20 विश्व कप को ध्यान में रखते हुए कम से कम दोनों से एक खिलाड़ी को टीम में शामिल किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि दीपक हुड्डा, शुभमन गिल, ईशान किशन और पृथ्वी शॉ के पास टैलेंट हैं लेकिन अनुभव की कमी है। वह टीम को फाइनल में नहीं पहुंचा सकते।

# ऑटो चालक पापा की बिटिया दिल्ली अंडर-15 टीम का कर रही है प्रतिनिधित्व मेहनत से हासिल किया लक्ष्य

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** प्रतिभा कभी भी परिस्थितियों की मोहताज नहीं होती है और वो अपना रास्ता बना ही लेती है। भारतीय खेल जगत में ऐसे कई खिलाड़ी हुए हैं जिन्होंने विषम परिस्थितियों से जूझते हुए अपनी प्रतिभा और मेहनत के बूते



सफलता हासिल की और देश का नाम रोशन किया। ऐसी ही एक महिला क्रिकेटर अंजली वत्स हैं जो अभी दिल्ली अंडर-15 महिला क्रिकेट टीम का प्रतिनिधित्व कर रही हैं। दिल्ली की अंजली वत्स के लिए सब कुछ बहुत आसान नहीं था, लेकिन उनके अंदर क्रिकेट के लिए जो जज्बा था उसके दम पर उन्होंने दिल्ली की अंडर-15 टीम में जगह बनाई और आगे उनका इरादा देश के लिए खेलने का है। दैनिक जागरण से बात करते हुए उन्होंने कहा कि विराट कोहली उनके फेवरेट क्रिकेटर हैं, लेकिन जसप्रीत बुमराह को देखकर वो गेंदबाजी करने के लिए प्रेरित हुईं।अंजली ने कहा कि उन्हें लगा कि वो गेंदबाजी कर सकती हैं और इसके बाद उन्होंने अपने मन की बात अपने पिता को बताई जिन्होंने अंजली के सपनों को उड़ान देने के लिए हर वो प्रयास किए जो एक पिता कर सकते हैं। अंजली के पिता मनोज कुमार ऑटो चालक हैं और उन्होंने बताया कि वो जब 11 साल की थीं तब उसने कहा कि वो क्रिकेट खेलना चाहती है और मैंने उनकी बात का सम्मान करते हुए उसे आगे बढ़ाने के प्रयास शुरू कर दिए। उन्होंने कहा कि उनके परिवार में कोई क्रिकेट नहीं खेलता, लेकिन अंजली में कुछ खास था। इसके बाद उन्होंने अंजली को ट्रेनिंग के लिए गुरप्रीत सिंह हैरी के पास लेकर गए। गुरप्रीत सिंह ने अंजली के टैलेंट को पहचाना और ट्रेनिंग देना शुरु किया।अंजली इन दिनों गुरप्रीत सिंह हैरी की देखरेख में जीएस हैरी क्रिकेट अकेडमी में क्रिकेट के गुर सीख रही हैं। उनके बारे में गुरप्रीत सिंह ने कहा कि जब अंजली उनके पास आई थी तब वो बल्लेबाज बनना चाहती थीं, लेकिन मुझे लगा कि वो गेंदबाजी कर सकती हैं। मैंने देखा कि अंजली की हाइट अच्छी थी और वो काफी तेजी से गेंद फेंक सकती हैं। उनमें काफी पोटेंशियल है और भारतीय महिला टीम में मीडियम पेसर की कमी है तो उनके पास संभावना है। अंजली आउट स्विंग और इन स्विंग दोनों ही तरह से गेंदबाजी कर लेती हैं जो उनकी खासियत है। कोच हैरी ने कहा कि वो 11 साल की उम्र में मेरे पास आई थीं और अभी 13 साल की हैं, लेकिन इन दो साल में ही उन्होंने काफी कुछ सीखा है जो काबिले तारीफ है।

# शारजाह वारियर्स ने अबु धाबी नाइट राइडर्स को 4 विकेट से हराया रहमानुल्लाह गुरबाज ने जड़ा अर्धशतक

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** पहले सीजन में शनिवार को शारजाह वारियर्स ने दुबई इंटरनेशल स्टेडियम में अबु धाबी नाइट राइडर्स को हरा दिया। अबु धाबी नाइट राइडर्स ने पहले बल्लेबाज करते हुए 20 ओवर में 4 विकेट पर 149 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी शारजाह वारियर्स ने रहमानुल्लाह गुरबाज के 56 रनों की बदलौत 17वें ओवर में 4 विकेट से जीत हासिल कर ली। टॉस जीतकर शारजाह वारियर्स ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। वारियर्स ने नाइट राइडर्स को उनके 20 ओवर में चार विकेट पर 149 रन पर रोक दिया। नाइट राइडर्स की तरफ से पॉल स्टारलिन ने 55, आंद्रे रसेल ने 33 और चरिथा असलंका ने 21 रनों का योगदान दिया। वारियर्स की तरफ से पॉल वॉल्टर ने 2 विकेट चटकाए। वहीं, नूर



अहमद और नवीन-उल-हक को एक-एक विकेट मिले। लक्ष्य का पीछा करने उतरे वारियर्स की शुरुआत ठोस रही। टॉम कोहलर-कैडमोर ने पहले दो ओवरों में एक छक्का और एक चौका लगाकर तेज शुरुआत दी। इसके बाद, रहमानुल्लाह गुरबाज ने तीसरे ओवर में साबिर राव की गेंद पर दो चौके जड़े और अपनी टीम को बिना किसी नुकसान के स्कोर 40 रन तक पहुंचा दिया। गुरबाज ने शानदार फॉर्म में बल्लेबाजी जारी रखी। गुरबाज ने चौथे ओवर में आंद्रे रसेल को दो छक्के लगाए। गुरबाज ने सातवें ओवर में सुनील नरेन को दो चौके लगाकर वारियर्स को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। उन्होंने आठवें ओवर में अकील हुसैन को चौका मारने के बाद सिर्फ 33 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। दसवें ओवर में गुरबाज 39 गेंदों पर 56 रन बनाकर आउट हो गए।एक समय मैंच में नाइट राइडर्स वापसी करने को देख रहा था। वॉरियर्स को 63 गेंदों में सिर्फ 59 रन चाहिए थे। इसके बाद, वॉरियर्स के विकेट गिरते चले गए, जिसमें मार्कस स्टोइनिस, जो डेनली, पॉल वाल्टर और एडम होज जल्दी-जल्दी आउट हो गए, लेकिन मोहम्मद नबी ने दो चौके और एक छक्का लगाया और टीम के लिए जीत सुनिश्चित कर दी।

# फाइनल से पहले भारतीय टीम को शेफाली वर्मा का संदेश कहा- सिर्फ खुद पर रखें भरोसा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** साउथ अफ्रीका के जेबी मार्क्स ओवल में रविवार को भारत और इंग्लैंड के बीच अंडर-19 महिला



टी20 विश्व कप का फाइनल खेला जाएगा। फाइनल से पहले भारतीय अंडर19 महिला टीम की कप्तान शेफाली वर्मा ने खिलाड़ियों को संदेश दिया। उन्होंने प्लेयरों से कहा कि वह खुद पर भरोसा रखें। फाइनल मैच भारतीय समयानुसार शाम 5 बजे से शुरु होगा। फाइनल मैच से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस में शेफाली ने सीनियर महिला टीम के साथ दो टी20 विश्व कप के अनुभवों को साझा किया। शेफाली से फाइनल के प्रेशर के बारे में सवाल पूछा तो उन्होंने कहा, मैं मैच का आनंद लेना और खुद पर विश्वास करना जानता हूं। शेफाली ने आगे कहा, हां, मैंने 2020 और 2022 में फाइनल खेला है। मैंने अपने अनुभव को देखते हुए टीम के साथियों के साथ साझा किया है कि खेल का आनंद लो और खुद पर विश्वास रखो। मैंने उनसे यह भी कहा कि यह मत सोचो कि यह फाइनल है। केवल हर समय अपना 100 प्रतिशत दो और अगर तुम खेल का आनंद लेते हुए फाइनल खेलते हो, तो यह अच्छा होगा। मैच भी उसी तरह से जाएगा। मैंने उनसे कहा है कि मैच का आनंद लो और बस खुद पर विश्वास करो। बता दें कि शेफाली वर्मा को सीनियर महिला टीम के साथ टी20 विश्व कप 2020 और में राष्ट्रमंडल 2022 के फाइनल के प्रेशर का अनुभव हैं। वह दोनों ही बार महिला टीम का हिस्सा थीं। भारत और इंग्लैंड के बीच भारतीय समयानुसार मैच शाम 5 बजे से शुरु होगा।

# टेस्ट सीरीज से पहले वायरल हुआ स्लेजिंग का वीडियो, भारतीय खिलाड़ी ऑस्ट्रेलिया का उड़ा रहे मजाक

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 9 फरवरी से बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए 4 टेस्ट मैचों की सीरीज खेली जाएगी। यह टेस्ट सीरीज आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के लिहाज से बहुत पुराना रहा है।बता दें कि वीडियो में ईशांत शर्मा, ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज स्टीव स्मिथ का मजाक उड़ाते हुए दिखाई दे रहे हैं। वहीं, जडेजा भी विकेट लेने के बाद अजीब से मुद्रा में बल्लेबाज को चिढ़ा रहे। वहीं, विराट कोहली ने मैक्सवेल





महत्वपूर्ण है। ऑस्ट्रेलिया पहले ही फाइनल के लिए क्वालीफाई कर चुका है। भारत अगर जीत हासिल करता है तो वह भी फाइनल के लिए क्वालीफाई कर जाएगा। टेस्ट सीरीज शुरू होने में अभी कुछ दिन बाकी हैं। उससे पहले ही सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है। यह वीडियो 2016-17 में खेली बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी का बताया जा रहा है। इसमें दोनों टीमें एक दूसरे प्लेयरों पर स्लेजिंग करते हुए दिखाई दे रहे हैं। बता दें कि दोनों देशों के बीच स्लेजिंग का नाता की नकल कर रहे। वीडियो में आर अश्वीन भी नजर आ रहे। गौरतलब हो कि 2016-17 में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 4 टेस्ट मैचों की सीरीज खेली गई थी। इस सीरीज को भारत ने 2-1 से अपने नाम किया था। एक टेस्ट मैच ड्रा रहा था। 1996-97 से 2020-21 तक 15 बार बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी का आयोजन किया जा चुका है। भारत ने 9 बार, ऑस्ट्रेलिया ने 5 बार ट्रॉफी पर कब्जा जमाया है। एक बार दोनों के बीच सीरीज ड्रा रही है।

# लखनऊ में रांची का हिसाब बराबर करने उतरेगी टीम इंडिया, अजेय बढ़त पर होगी न्यूजीलैंड की निगाहें

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** तीन मैचों की टी-20 सीरीज का दूसरा मुकाबला लखनऊ के इकाना स्टेडियम में 29 जनवरी को खेला जाना है। बता दें कि भारतीय टीम को सीरीज के पहला मुकाबले में न्यूजीलैंड के हाथों 21 रनों से इंटरनेशनल में अब तक हर मुकाबला जीता है। हालांकि मैदान पर कुल पांच टी-20 खेले गए हैं। इस मैदान पर भारतीय टीम ने दो टी20 मैच खेले हैं, और दोनों मैचों में भारत को जीत हासिल हुई है। साल 2018 में भारत ने वेस्टइंडीज के खिलाफ पहला टी-



करारी शिकस्त मिली। ऐसे में भारतीय टीम को सीरीज बचाने के लिए हर हाल में लखनऊ में होने वाला टी20 मैच जीतना होगा। इस आर्टिकल के जरिए जानते हैं लखनऊ में भारतीय टीम का रिकॉर्ड कैसा रहा है दरअसल, भारत और न्यूजीलैंड के बीच दूसरा टी-20 मैच लखनऊ के इकाना क्रिकेट स्टेडियम में 29 जनवरी को खेला जाना है। बता दें कि लखनऊ में टीम इंडिया का टी-20 रिकॉर्ड बेहद ही शानदार रहा है। यहां पर भारत टी20 20 इंटरनेशनल लखनऊ में खेला था। उस मुकाबले में टीम इंडिया ने 71 रनों से जीत दर्ज की थी। इसके बाद फरवरी 2022 में भारत ने दूसरा मुकाबला श्रीलंका के खिलाफ खेला और उस मैच में 62 रनों से जीत हासिल की। ऐसे में न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टी-20 मैच में भारत जीत हासिल करना चाहेगा और सीरीज को 1-1 की बराबरी बनाने के इरादे से उतरेगा।



## राशिफल



**मेष-:** अपने मित्र के साथ हुई गलतफहमी को शीघ्र सुलझाएं। अधिक विवाद से आप दोनों के संबंधों को हानि होगी। प्रमोशन होगा और सैलेरी भी बढ़ सकती है।

**वृष-:** व्यापार में अच्छा लाभ का योग आज बन सकता है। आप अपने साझेदार के साथ अच्छे व्यवहार के कारण अपने व्यापार को नई गति देंगे।

**मिथुन-:** आज आपका दिन शानदार रहेगा। पारिवारिक रिश्ते मजबूत होंगे। आप थोड़ी-सी मेहनत करके अपने उद्देश्यों को आसानी से प्राप्त कर सकते हैं।

**कर्क-:** कर्क राशि वाले आज एक नई शुरुआत कर सकते हैं। सामाजिक रूतबा मिल सकता है। घर-परिवार या पड़ोस में कोई कठिन परिस्थिति बने तो सकारात्मक रहें।

**सिंह-:** आपके लिए आज का दिन काफी अनुकूल रहने की संभावना दिखाई दे रही है। परिवार के लोगों का तालमेल आपको आगे बढ़ने का हौसला देगा।

**कन्या-:** आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। आपको शाम तक किसी समारोह में शामिल होने का मौका मिलेगा। किसी पुराने मित्र से मिलकर आपका मन प्रसन्न हो जायेगा।

**तुला-:** आज आपकी योग्यता में वृद्धि होगी। जल्दबाजी और जोखिम भरे कामों से दूर रहें। ऐसा कोई गैरज़िम्मेदाराना काम न करें जिसके लिए बाद में आपको पछताना पड़े।

**वृश्चिक-:** छात्रों के लिए दिन अनुकूल है क्योंकि प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता मिल सकती है। जमीन-जायदाद संबंधी कार्य स्थगित करना आपके हित में रहेगा।

**धनु-:** यदि आप मानसिक रूप से तनाव को अपने ऊपर हावी होने देंगे तो आपको परेशानियां होंगी, अन्यथा स्थिति बढ़िया भी हो सकती है।

**मकर-:** करियर में आगे बढ़ने के नए अवसर सामने आएंगे। संतान पक्ष की ओर से आपको सुख की अनुभूति होगी। किसी जरूरी काम के बेहतर परिणाम मिलेंगे।

**कुंभ-:** आज आप अपनी नयी सोच से अपने कार्यक्षेत्र में बहुत ही उन्नति हासिल करेंगे। आज आपका नए लोगों से संपर्क होगा और नए लोगों से मित्रता होगी।

**मीन-:** आपके लिए आज का दिन बढ़िया रहेगा और आने वाला दिन भी आज पर निर्भर करेगा, क्योंकि आज आपको कुछ ऐसे काम निपटाने हैं जो कि लंबे समय से अटके हुए हैं।






# पहले टी-20 में मिली करारी हार के बाद इन 2 बदलावों के साथ उतर सकते हैं कप्तान हार्दिक

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच तीन मैचों की टी-20 सीरीज का दूसरा मुकाबला 29 जनवरी यानी रविवार को लखनऊ के इकाना







क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। इस सीरीज में कीवी टीम 1-0 से आगे चल रही है। पहले टी-20 मैच में न्यूजीलैंड ने भारतीय टीम को 21 रनों से मात देकर सीरीज का आगाज जीत के साथ किया था। ऐसे में दूसरा टी-20 मैच जीतने के लिए कप्तान हार्दिक पांड्या कोई कमी नहीं छोड़ना चाहेंगे। ये कयास लगाया जा रहा है कि पहले मैच में मिली हार के बाद हार्दिक प्लेइंगर्- में कुछ बदलाव कर सकते है। आइये जानते है भारतीय टीम की संभावित प्लेइंगर्-घ् के बारे में।घ्ञ्-के बीच दूसरे टी-20 मैच में कप्तान हार्दिक प्लेइंगर में पहला बदलाव ओपनिंग जोड़ी में कर सकते है। बता दें कि दूसरे टी-20 मैच में ईशान किशन के साथ शुभमन गिल की जगह पृथ्वी शॉ को मौका मिल सकता है। शॉ ने 18 महीने बाद भारतीय टीम में जगह बनाई है। ऐसे में देखना दिलचस्प होगा कि क्या दूसरे मैच में उन्हें ओपनिंग का मौका मिलता है या उन्हें और इंतजार करना पड़ेगा। बता दें कि दूसरे टी-20 मैच में नंबर 3 पर राहुल त्रिपाठी को मौका मिल सकता है। नंबर 4 पर सूर्यकुमार यादव खेलते हुए नजर आएंगे। उन्होंने पिछले मैच में भी 47 रनों की ताबड़तोड़ पारी खेली थी। ऐसे में उनसे दूसरे टी-20 मैच में एक बड़ी पारी खेलने की उम्मीद है। 3. यह खिलाड़ी निभा सकते है मैच फिनिशर की भूमिका नंबर 6 पर वॉशिंगटन सुंदर न्यूजीलैंड के खिलफ मैच फिनिशर की भूमिका निभा सकते है। बता दें कि सुंदर ने पहले टी-20 मैच में 4 ओवर के स्पेल में महज 22 रन देकर 2 अहम विकेट लिए। इसके अलावा उन्होंने 28 गेंदों पर 50 रन की शानदार अर्धशतकीय पारी खेली, जिसमें 5 चौके और 3 गगनचुंबी छक्के शामिल रहे। ऐसे में सुंदर और दीपक हुड्डा मैच फिनिशर की भूमिका निभा सकते है।गेंदबाजी सेक्शन में भारतीय टीम के तेज युवा गेंदबाज उमरान मलिक को खेलते हुए देखा जा सकता है। हालांकि, पहले टी-20 मैच में उमरान को एक ही ओवर डालने का मौका मिला था। वहीं, अर्शदीप सिंह को पहले टी-20 मैच में महंगा साबित होने के बाद उनकी जगह मुकेश कुमार को डेब्यू का मौका मिल सकता है। स्पिनर्स में कुलदीप यादव और शिवम मावी को प्लेइंगर्-में जगह मिल सकती है। ईशान किशन (विकेटकीपर), पृथ्वी शॉ, राहुल त्रिपाठी, सूर्यकुमार यादव (उप कप्तान), दीपक हुड्डा, हार्दिक पंड्या (कप्तान), वॉशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, शिवम मावी, मुकेश कुमार, उमरान मलिक।

## सम्पादकीय

# विवाह और परिवार परंपरा पर आघात, सहजीवन की आड़ में एक नए यौन अधिनायकवाद की मुहिम

बीते दिनों खबर आई कि जापान में उत्तराधिकारी के अभाव में 6.30 लाख उद्यमों के बंद होने का खतरा उत्पन्न हो गया है। ये सभी उद्यम मुनाफे में चल रहे हैं। इनके बंद होने से जापान को भारी आर्थिक क्षति होगी और करीब 65 लाख नौकरियां चली जाएंगी। इन कारोबारियों के समक्ष सबसे बड़ा संकट यही है कि अधिकांश का कोई वारिस नहीं। यह एक गंभीर मुद्दा है। भविष्य में दुनिया के कई देशों में ऐसी ही समस्याएं उत्पन्न होंगी। बस उनके रूप-स्वरूप अलग हो सकते हैं। इन समस्याओं का मूलभूत कारण तेजी से बदलती सामाजिक व्यवस्थाएं होंगी। विश्व आर्थिक मंच की जून 2022 में आई रिपोर्ट बताती है कि बीते 70 वर्षों के दौरान विश्व की प्रजनन दर में 50 प्रतिशत की गिरावट आई है। समय के साथ इससे वृद्ध आबादी में बढ़ोतरी होगी और कामकाजी युवा आबादी घटती जाएगी। वृद्ध आबादी के कई आर्थिक जोखिम होते हैं। महत्वपूर्ण प्रश्न यह है कि ऐसी परिस्थितियां क्यों उत्पन्न हो रही हैं? क्या भविष्य में भारत को भी इससे दो-चार होना पड़ सकता है? वैश्विक रुझानों को देखें तो दक्षिण कोरिया, चीन, अमेरिका, ब्रिटेन और जर्मनी में विवाहित जोड़ों की संख्या में निरंतर कमी आ रही है। युवा विवाह नहीं करना चाहते, क्योंकि उन्होंने सुखानुभूति और विशेषकर दैहिक सुख की पूर्ति के मार्ग घर से बाहर ढूंढ़ लिए हैं। सहजीवन (लिव-इन) की ओर बढ़ती भारत की युवा पीढ़ी को भी विवाह बोझ प्रतीत होने लगा है। 2020 में हुए एक सर्वे के अनुसार 26 से 40 वर्ष की आयु के 42 प्रतिशत भारतीय युवा विवाह नहीं करना चाहते। एस्टेवन आर्टिज ओस्मिना तथा मैक्स रोजर द्वारा विश्लेषित 'मैरिजेस एंड डाइवोर्सेज' के आंकड़ों के अनुसार विश्व में विवाह दर निरंतर घटने पर है। सहजीवन के मामले बढ़ रहे हैं। सहजीवन संबंधों में बढ़ोतरी के साक्ष्य ओईसीडी देशों के वे आंकड़े हैं, जो बताते हैं कि पिछली सदी के आठवें दशक में 10 प्रतिशत बच्चे ही ऐसे थे, जो विवाहित संबंधों से बाहर पैदा हुए। वहीं 2014 में अधिकांश देशों में यह बढ़ोतरी 20 प्रतिशत से अधिक हो गई और कुछ देशों में इसमें 50 प्रतिशत से अधिक देखी गई। यह प्रवृत्ति अमीर देशों तक ही सीमित नहीं है। मेक्सिको और कोस्टारिका जैसे देश भी इस श्रेणी में हैं। स्वतंत्रता और आधुनिकता के नाम पर 'सहजीवन क्रांति' ने सामाजिक व्यवस्था को नकारात्मक रूप से प्रभावित करने के साथ ही युवा पीढ़ी को ऐसे मार्ग पर धकेल दिया है जो समर्पण, त्याग और दायित्व जैसे शब्दों से जीवन भर अपरिचित रहेगी। 'कोहेबिटेशन एंड चाइल्ड वेलबींग' शीर्षक से 2018 में प्रकाशित शोध के अनुसार सहजीवन से जन्मी संतानें गरीबी, असंतोष, भय एवं असुरक्षा की भावना से ग्रस्त रहती हैं। सहजीवन को आधुनिक सामाजिक क्रांति का आवरण पहनाकर एक नए यौन अधिनायकवाद की मुहिम विवाह और परिवार के अर्थ को नष्ट कर रही है। 19वीं शताब्दी में समान अधिकारों के लिए महिलाओं की न्यायसंगत लड़ाई एक कट्टरपंथी नारीवाद में बदल गई, जिसका उद्देश्य सामाजिक लैंगिक विभेद को खत्म करने से बढ़कर पुरुष और महिला की यौन पहचान (हेट्रोसेक्सुअल) को तोड़ना था, जो उनकी दृष्टि में पुरातन संस्कृति का प्रतीक है। स्वतंत्रता के नाम पर स्वतंत्रता को नष्ट करने वाले एक नए अधिनायकवाद के विरुद्ध गैब्रिकल कुबी की पुस्तक 'द ग्लोबल सेक्सुअल रिवोल्यूशनः डिस्ट्रक्शन आफ फ्रीडम इन द नेम आफ फ्रीडम' में उन चेहरों को उजागर किया गया है, जो सुनियोजित तरीके से परिवार और विवाह को समाप्त कर यौन साम्यवाद स्थापित करना चाहते हैं। यौन साम्यवाद को मानव प्रजाति की वास्तविक स्वतंत्रता मानने वाले इस तथ्य से परिचित नहीं हैं कि यौन-मुक्ति का रास्ता अंततोगत्वा सभ्यताओं के अंत पर जाकर समाप्त होता है। मानवविज्ञानी जेडी अनविन की पुस्तक 'सेक्स एंड कल्चर' में पांच हजार वर्षों के इतिहास में 80 आदिम जनजातियों और छह सभ्यताओं का गहन अध्ययन है। अनविन ने लोगों की सांस्कृतिक उपलब्धि और यौन संयम के बीच एक सकारात्मक संबंध पाया है। अनविन ने कई विस्तृत विवरणों के साथ यह रेखांकित किया है कि जैसे-जैसे राष्ट्र समृद्ध होते हैं, वैसे-वैसे यौन नैतिकता के संबंध में तेजी से उदार हो जाते हैं। परिणामस्वरूप यौन स्वच्छंदता में लिप्तता जीवन-ऊर्जा को क्षीण करने लगती है।

# उम्मीदों के केंद्र में बजट, अर्थव्यवस्था में तेजी के लिए अत्यधिक कुशल वित्तीय प्रबंधन की जरुरत

मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल का आगामी बजट 2024 के आम चुनाव के पहले का पूर्ण बजट होगा। इस कारण यह आशा की जा रही है कि इस बजट में चुनाव का भी ध्यान रखा जाएगा। वैसे अब नीतिगत घोषणाएं केवल बजट में ही नहीं होतीं। समय-समय पर ऐसी घोषणाएं बजट के बाहर भी की जाती रहती हैं। मोदी सरकार ने अपने दूसरे कार्यकाल के प्रारंभ में 2024 तक भारत को पांच लाख करोड़ डालर की अर्थव्यवस्था वाला देश बनाने का संकल्प लिया था, लेकिन कोविड महामारी के कारण यह लक्ष्य आगे खिसक गया है। इसके बाद भी यह लक्ष्य देश के नीति नियंताओं, उदयोगपतियों और आम नागरिकों को यह भरोसा देता है कि जल्द ही विश्व की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। भारत की अर्थव्यवस्था जिस गति से आगे बढ़ रही है, उसे देखते हुए माना जा रहा है कि 2026-2027 तक इस लक्ष्य को पा लिया जाएगा। प्रधानमंत्री ने देश के सामने एक नया लक्ष्य देश को अगले 25 वर्षों में विश्व की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने का भी रखा है। तब तक भारत की स्वतंत्रता के सौ वर्ष पूरे हो जाएंगे। इस लक्ष?य को पाने के लिए जो बुनियादी जरुरतें हैं, उनकी ओर सरकार कदम भी बढ़ा रही है। इस लक्ष्य की प्राप्ति में एक बड़ी भूमिका शिक्षा की भी है। नई शिक्षा नीति की घोषणा एक मील का पत्थर है, लेकिन उसे अमल में लाने के लिए केंद्र और राज्यों, दोनों को मिलकर काम करना होगा। आशा की जाती है कि इस बजट से लेकर आने वाले कई बजटों में शिक्षा के क्षेत्र में आवंटन लगातार बढ़ाया जाएगा। ऐसा करके ही शिक्षा के कमजोर स्तर को मजबूत बनाया जा सकता है, लेकिन यह ध्यान रहे कि इसके लिए अच्छे-खासे धन की आवश्यकता होगी। किसी भी देश के विकास में जैसे शिक्षा की महती भूमिका होती है, वैसे ही आधारभूत ढांचे की भी। अपने देश में कई वर्षों से आधारभूत ढांचे के लिए बजट में लगातार आवंटन हो रहे हैं, पर उसके निर्माण में शिथिलता के साथ गुणवत्ता तथा इंजीनियरिंग की जो कमी है, वह दूर होने का नाम नहीं ले रही है। चूंकि ठेकेदारों और संबंधित विभागों के इंजीनियरों में भ्रष्टाचार व्याप्त है, लिहाजा आधारभूत ढांचा सही तरह निर्मित नहीं हो पा रहा है। देश की अनेक परियोजनाएं लंबित चल रही हैं। इस कारण उनका खर्च बढ़ता जा रहा है। यदि राजमार्गों, बंदरगाहों और हवाईअड्डों के निर्माण में आवंटित खर्च बढ़ता जाएगा तो यह वित्तीय प्रबंधन के लिए चुनौती बनेगा। यह ध्यान रहे कि सरकार को रक्षा-सुरक्षा और गरीबी उन्मूलन की योजनाओं में पर्याप्त धन के आवंटन में संतुलन बैठाने में खासी मशक्कत करनी पड़ती है। किसी देश की अर्थव्यवस्था शहरों के विकास से संवरती है, लेकिन हम इसकी अनदेखी नहीं कर सकते कि हमारे नगर निकाय उम्मीदों पर खरे नहीं उतर पा रहे हैं। इन निकायों की सस्ती राजनीति शहरों के विकास में आड़े आती है। अतिक्रमण और अनियोजित विकास के कारण शहरों का आधारभूत ढांचा लगातार चरमरता जा रहा है। केंद्र सरकार बजट में यह घोषणा तो नहीं कर सकती कि नगर निकाय जबावदेह बनें, लेकिन राज्यों के साथ मिलकर ऐसे उपाय अवश्य कर सकती है, जिससे नगर निकाय शहरों के आधारभूत ढांचे को संवारने के लिए प्रतिबद्ध हों। जब ऐसा होगा तभी शहरी क्षेत्र के लोगों के जीवन स्तर में सुधार होगा। देश के विकास में उद्योग-व्यापार जगत की भी एक बड़ी भूमिका है। अपने देश में निजी निवेश की जैसी गति दक्षिण के राज्यों में है, वैसी उत्तर भारत में नहीं है। उत्तर भारत के राज्य दक्षिण भारत के राज्यों से पिछड़ रहे हैं। उत्तर भारत की सरकारों को इस पिछड़ेपन को दूर करने के लिए कमर कसनी होगी। इससे संतुष्ट नहीं हुआ जा सकता कि दिल्ली-एनसीआर के इर्द-गिर्द खूब निवेश हो रहा है, क्योंकि बात तब बनेगी जब उत्तर के अन्य क्षेत्रों में भी पर्याप्त निवेश हो। चूंकि उत्तर भारत के राज्य निवेश के मामले में पिछड़ रहे हैं इसलिए उत्तर-दक्षिण में प्रति व्यक्ति आय का अंतर बढ़ रहा है। दक्षिण भारत के राज्यों की यह शिकायत भी बढ़ रही है कि वे उद्योग-व्यापार में प्रगति कर रहे हैं, लेकिन इस अनुपात में उन्हें केंद्रीय आवंटन नहीं मिल रहा है। देश के सतत विकास के लिए यह भी बहुत आवश्यक है कि न्याय व्यवस्था में सुधार हो। ऐसा न हो पाने के कारण देश का विकास बाधित हो रहा है। इस समय न्यायाधीशों की नियुक्ति को लेकर सुप्रीम कोर्ट और सरकार के बीच जो टकराव जारी है, वह समाप्त होना चाहिए। इसी के साथ न्यायिक क्षेत्र में सुधार होना चाहिए, ताकि उच्च न्यायालयों के साथ निचली अदालतों में लंबित मुकदमों का बोझ घटे और लोगों को समय पर न्याय मिले। न्याय में विलंब लोगो को निराश और कुंठित करने के साथ उद्योग-व्यापार की गति को थामता है। सभी को सुगम न्याय के लिए आवश्यक आधारभूत ढांचे के निर्माण के साथ निचली अदालतों के स्तर पर पर्याप्त संख्या में न्यायाधीशों की नियुक्ति हेतु बजट में पर्याप्त आवंटन किया ही जाना चाहिए। एक ऐसा समय जब विश्व मंदी के दौर से गुजर रहा है, तब भारत सबसे तेज गति से बढ़ती अर्थव्यवस्था वाले देश के रूप में आगे बढ़ रहा है। भारत की अर्थव्यवस्था बढ़ती रहे, इसके लिए अत्यधिक कुशल वित?तीय प्रबंधन की जरुरत पड़ेगी। सरकार को यह देखना होगा कि वह किसी भी मूल्य पर मुद्रासफीति न बढ़ने दे। इसके लिए खर्चों पर नियंत्रण रखना पड़ेगा और देश के नागरिकों की यह शिकायत दूर करनी होगी कि आम लोगों या कंपनियों के टैक्स संबंधी प्रविधान अभी भी जटिल बने हुए हैं। हालांकि सरकार इन प्रविधानों को लगातार सरल बनाने का काम कर रही है, लेकिन अभी बहुत काम किया जाना शेष है। टैक्स से संबंधित विभागों और एजेंसियों की लोगों को शक की निगाह से देखने की मानसिकता खत्म होने का नाम नहीं ले रही है। ये एजेंसियां लोगों को टैक्स के मामले में उलझाकर रखने की अपनी प्रवृत्ति से भी पीछा नहीं छुड़ा पा रही हैं। इस प्रवृत्ति का परित्याग करने के साथ ही इसकी भी जरूरत है कि लोग ईमानदारी से टैक्स देने की आदत डालें, लेकिन यह तभी संभव होगा, जब टैक्स और जांच एजेंसियां लोगों को अनावश्यक रूप से परेशान करना छोड़ेंगी।






# बीबीसी की सोची-समझी शरारत, ब्रिटेन की अंदरूनी राजनीति को भी साधने का प्रयास

इन दिनों बीबीसी की ओर से गुजरात दंगों पर प्रसारित की गई डाक्यूमेंट्री खासी चर्चा में है। भारत सरकार द्वारा प्रतिबंधित इस डाक्यूमेंट्री में ब्रिटेन के भूतपूर्व विदेश मंत्री जैक स्ट्रा के हवाले से दावा किया गया है कि गुजरात के तत्कालीन मुख्यमंत्री और भारत के वर्तमान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दंगाइयों को रोकने का प्रयास न कर उन्हें हिंसा करने की छूट दी, जिसके चलते बड़ी संख्या में मुस्लिमों की जान गई। गुजरात दंगा निश्चित ही भयावह त्रासदी थी, परंतु इसकी शुरुआत एक मुस्लिम भीड़ द्वारा अयोध्या से लौट रहे कारसेवकों से भरी रेल की एक बोगी को जलाने के कारण हुई, जिसे 'गोधरा कांड' से जाना जाता है। डाक्यूमेंट्री की मंशा इसी बात से स्पष्ट होती है कि साबरमती एक्सप्रेस जलाए जाने को रेल में लगी आग बताकर मात्र एक वाक्य में ऐसे निपटा दिया गया, मानो आग स्वयं लगी हो या फिर आग लगाने वालों के बारे में बीबीसी को कोई जानकारी न हो। ध्यान रहे गोधरा कांड में 31 लोगों को सजा सुनाई गई है, जिसे गुजरात हाई कोर्ट ने भी बरकरार रखा है। प्रधानमंत्री मोदी पर लगाए गए आरोप वही सड़ा गला प्रलाप हैं, जिन्हें सर्वोच्च न्यायालय की एसआइटी की सघन और विस्तृत जांच में पूरी तरह बेबुनियाद पाया गया था। यह गौरतलब है कि मोदी के प्रति राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी के बजाय शत्रु जैसा बर्ताव करने वाले संप्रग द्वारा पैंतरेबाज एनजीओ लाबी, अनुकूल नौकरशाही और द्वेषपूर्ण मीडिया के सहयोग के बावजूद यदि जांच में कुछ नहीं मिल सका तो एक दूसरे देश के पास ऐसे कौन से संसाधन थे, जो वह और गहन जांच कर लेता? इससे भी बड़ी बात यह है कि बीबीसी की रिपोर्ट उन स्ट्रा की बात को आधार बनाती है, जिन्होंने इराक पर युद्ध की जमीन तैयार करने के लिए 'वीपंस आफ मास डिस्ट्रक्शन' नामक वह बदनाम दस्तावेज तैयार कराया, जो कालांतर में झूठ का पुलिंदा निकला। ब्रिटेन में इराक युद्ध की जांच से जुड़ी चिल्काट रिपोर्ट ने तत्कालीन प्रधानमंत्री टोनी ब्लेयर और स्ट्रा को झूठा कथानक गढ़ कर इराक पर गैर जरूरी युद्ध थोपने का दोषी पाया था। यह ध्यान देने वाली बात है कि इराक युद्ध और उसके बाद से चले आ रहे गृहयुद्ध में अब तक तीन लाख लोग मारे जा चुके हैं। क्या यह हास्यास्पद नहीं कि तीन लाख लोगों की हत्या में भागीदार स्ट्रा भारत के प्रधानमंत्री पर अनर्गल आरोप लगा रहे हैं? भारत में राजनीतिक विशेषज्ञों को यह अच्छी तरह पता है कि गुजरात दंगों पर बने एकपक्षीय विमर्श और मोदी पर लगे झूठे आरोपों से उद्वेलित जनमानस ने मोदी को राजनीति के शीर्ष पर बैठाने में मदद की है। कई मायनों में मोदी का प्रधानमंत्री बनना पंथनिरपेक्षता के नाम पर लंबे समय से चल रहे छल और मक्कारी के प्रति जन विद्रोह था। इस परिप्रेक्ष्य में यह मानना कठिन है कि 2002 को भारतीय विमर्श में दोबारा लाने का प्रयास मोदी का कुछ राजनीतिक नुकसान कर पाएगा। इसीलिए अनुमान लगाया जा रहा है कि बीबीसी डाक्यूमेंट्री जहां एक ओर मोदी को वैश्विक वामपंथ के निशाने पर लाने की शरारत भरी कवायद है, वहीं दूसरी ओर यह ब्रिटेन की अंदरूनी राजनीति को भी साधने का प्रयास है। ब्रिटेन में वाम झुकाव वाली लेबर पार्टी बढ़ती मुस्लिम आबादी को अहम वोट बैंक की तरह देखती है। स्वयं स्ट्रा के संसदीय क्षेत्र ब्लैकबर्न में मुस्लिम वोट करीब 30 प्रतिशत हैं। मोदी पर लगे झूठे आरोपों का प्रतिकार करने की बाध्यता भारतीय मूल के कंजरवेटिव प्रधानमंत्री ऋषि सुनक को मुस्लिम वोटरों के बीच कठघरे में खड़ा कर सकती है। साथ ही संभावित भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौते पर सुनक के लिए हस्ताक्षर करने में असहजता की स्थिति उत्पन्न कर सकता है। इस पूरे प्रयोजन में बीबीसी का सहयोग कतई आश्चर्यजनक नहीं है। अपने धुर वामपंथी चरित्र की वजह से बीबीसी स्वयं ब्रिटेन में विश्वसनीयता खो चुका है। ब्रिटेन की लोकप्रिय प्रधानमंत्री मार्गरेट थैचर बीबीसी को बोल्शेविक ब्राडकास्टिंग कारपोरेशन कहती थीं। थैचर ने कहा था कि उन्होंने तीन चुनाव लेबर पार्टी के विरुद्ध नहीं, बल्कि बीबीसी के विरुद्ध लड़े हैं। मौजूदा विवाद में भी लार्ड डालर पोपट, लार्ड रामी रेंजर और स्वयं प्रधानमंत्री सुनक समेत ब्रिटेन के कई राजनीतिज्ञों ने बीबीसी की तीखी आलोचना की है। चाहे 1965 और 1971 का भारत-पाक युद्ध हो या खालिस्तानी आतंकवाद या फिर हाल में लेस्टर दंगे, बीबीसी का प्रसारण स्पष्ट रूप से भारत और हिंदू विरोधी रहा है। 2015 में बनी बीबीसी डाक्यूमेंट्री 'इंडियाज डाटर' भी विवादों में रही थी। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर प्रसारण के लिए बनी इस डाक्यूमेंट्री से वह अंश शातिर तरीके से हटाए गए, जो भारत के अनुपात में पश्चिमी देशों में महिला यौन उत्पीड़न के अधिक आंकड़ों को उद्धृत करते थे। इसी तरह 2008 के मुंबई हमले के हमलावरों को केवल 'गनमैन' कहने से नाराज एमजे अकबर ने चैनल के कार्यक्रमों में भाग लेने से मना कर दिया था। अलेस्डर पिंकर्टन ने अपने शोधपत्र 'ए न्यू काइंड आफ इंपीरियलिज्म' में दर्शाया है कि भारत के प्रति बीबीसी का रवैया सदैव एक नवउपनिवेशवादी ताकत जैसा रहा है। पिंकर्टन ने 1970 में इंदिरा सरकार द्वारा बीबीसी पर लगाए गए प्रतिबंध के कारणों पर सहानुभूतिपूर्वक चर्चा की है। हालांकि प्रेस स्वतंत्रता के सिद्धांत को ध्यान में रखते हुए किसी मीडिया संगठन या कार्यक्रम पर प्रतिबंध उचित नहीं ठहराया जा सकता, लेकिन बीबीसी की डाक्यूमेंट्री पर विपक्ष का उत्साह और उन्मत्त प्रतिक्रिया भारतीय न्याय व्यवस्था पर उनका अविश्वास ही जताती है। वास्तव में यह पश्चिमपरस्ती और मानसिक पराधीनता को भी दर्शाती है। 1984 में सिखों के कत्लेआम से लेकर कश्मीर में हिंदू नरसंहार तक भारत ने तमाम त्रासदियां झेली हैं। इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि केवल गुजरात दंगों में समुचित न्यायिक कार्रवाई हुई है। नरोदा पाटिया को छोड़कर सभी मुकदमों का निस्तारण हो चुका है। दंगों में प्रधानमंत्री का नाम बार-बार न्यायालयों में घसीटे जाने पर सर्वोच्च न्यायालय ने कानूनी कार्रवाई की चेतावनी भी दी है। ऐसे में गुजरात दंगों के घाव हरे रखना और प्रधानमंत्री को घेरने का प्रयास सस्ती राजनीति से अधिक कुछ नहीं है।




# विश्व में मोटे अनाज की मांग बढ़ रही है

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**बांदा।** आज विश्व में मोटे अनाज की मांग बढ़ रही है, इससे विदेश में मोटे अनाज को बेचने के लिये किसानो को बढ़ावा मिल रहा है। हम सभी को मोटे अनाज का उपयोग विभिन्न व्यंजनों के लिये करना चाहिये। मोटे अनाज बुंदेलखंड के किसानों एवं क्षेत्रवासियों के लिये वरदान साबित हो सकता है।



विश्वविद्यालय के छात्रावास के साथ-साथ अन्य छात्रावासों में भी मोटे अनाज को भोजन मे शामिल करना चाहिये।यह बातें बाँदा कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय बांदा के आठवे दीक्षांत समारोह में कुलाधिपति के रूप में उपस्थित रहीं प्रदेश की राज्यपाल, श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहीं। उन्होने कहा कि उत्तर गुजरात की तरह बुंदेलखंड भी कम पानी वाला क्षेत्र है। बुंदेलखंड के लिये मिलेट वर्ष 2023 एक अवसर के रूप में देखा जाना चाहिये। यहां के कृषक छोटी जोत से भी इसे शुरू कर सकते है क्योंकि बाहर इसकी मांग बढ़ रही है । कृषि छात्रों के लिये इनके उत्पाद का उद्योग एक अवसर होगा। कृषि के क्षेत्र में ड्रोन एवं आर्टिफिसियल इंटेलिजेंस को बढ़ावा मिल रहा है। महिलाएं समाज में बड़ी भागीदारी निभा रहीं हैं इनके शिक्षा, स्वास्थ्य एवं सम्मान का विशेष ध्यान देना चाहिये।कुलाधिपति ने यह भी कहा कि देश को जी-20 की अध्यक्षता मिलना एक सौभाग्य की बात है। आठवें दीक्षांत समारोह में सर्वप्रथम निराश्रित गौवंशीय पशुओं के लिये विश्वविद्यालय परिसर में बनाये गये कामदगिरि नंदी-नंदिनी अभ्यारण्य का उद्घाटन भी किया। दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भा.कृ.अ.प., नई दिल्ली के पूर्व महानिदेशक, डा. त्रिलोचन महापात्रा उपस्थित रहे।डा. महापात्रा ने अपने सम्बोधन में कहा कि यह विश्वविद्यालय कुलपति के नेतृत्व में छात्रां के साथ-साथ कृषकों के भविष्य के निर्माण में विशेष योगदान दे रहा है। बुंदेलखंड देश का एक बहुमूल्य एवं महत्वपूर्ण क्षेत्र है। वर्षा आधारित खेती ही यहां की पहचान एवं समस्या है। कृषि के क्षेत्र में सूक्ष्म सिंचाई व्यवस्था अपनाकर कृषि को और बढ़ाया जा सकता है, जिसके लिये वर्षा जल संचय एक महत्वपूर्ण कदम होगा। मोटे अनाज के लिये यह क्षेत्र वरदान साबित हो सकता है। बुंदेलखण्ड ही नहीं बल्कि पूरे देश में दलहन फसल में प्रो. नरेन्द्र प्रताप सिंह का योगदान बहुत रहा है।विश्वविद्यालय के कुलपति ने प्रो. नरेन्द्र प्रताप सिंह ने विश्वविद्यालय का प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। उन्होने बताया कि इस दीक्षांत समारोह में कुल 206 छात्रों जिसमें 159 स्नातक स्तर के तथा 47 परास्नातक छात्रों के उपाधि तथा 15 छात्र-छात्राओं को मेडल प्रदान किया गया। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डा. एस.के. सिंह ने सभी का धन्यवाद ज्ञापन किया।।

## संक्षिप्त समाचार

### रानी इंद्रानी शर्मा की आवाज का जादू न्यू म्यूजिक वीडियो

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा।** सांग तू मुझे याद आया पूरे तरीके से रिलीज के लिए तैयार हो गया है जिसको आप बहुत ही जल्दी यूट्यूब पर देख सकोगे इस सांग को रानी इंद्रानी शर्मा ने और चिंतन बाकीवाला ( रॉकस्टार ) ने गाया है वैसे तो रानी इंद्रानी शर्मा के सभी सॉन्ग हिट होते हैं मगर यह सॉन्ग कुछ ज्यादा ही खास रहने वाला है इससे पहले एक सॉन्ग रानी इंद्रानी की आवाज में रिलीज किया



गया था उस सॉन्ग का नाम था दिल तोड़ना ही था जिसको दर्शकों ने बहुत ही पसंद किया था 85 लाख लोगों ने देखा और अभी लोग इसको खूब देख रहे हैं इंस्टाग्राम रील पर भी चार लाख पोस्ट और शेयर किया गया अब इसी तरह से सिंगर रानी इंद्रानी शर्मा का सॉन्ग तू मुझे याद आया जल्दी ही धूम मचाने आ रहा है जो दर्शकों को बहुत पसंद आएगा इस सॉंग के निर्माता अश्वनी कुमार गुलाटी है इस गाने का निर्देशन जयवीर पनघाल म्यूजिक संजीव अजय कम्पोज़र व लेखक संजीव चतुर्वेदी डीओ पी अभय आंनद मिश्रा एडटिटर अलोक सिंह स्टोरी रानी इन्द्राणी शर्मा , मन गुलाटी कलाकार रवि भाटिया, अंकिता दावे और निकिता सोनी हैं।

# महामहिम राज्यपाल आनंदीबेन पटेल दीक्षांत समारोह कार्यक्रम में मुख्य अतिथि को रूप में की शिरकत

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**बांदा।** यू0पी0 के बांदा के कृषि प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के आठवें दीक्षांत समारोह पर उत्तर प्रदेश की राज्यपाल महामहिम आनंदीबेन भवन में आयोजित किया गया, लगभग ढाई सौ छात्र छात्राओं को डिग्री प्रदान की, साथ ही राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा कि छात्र छात्रायें हमारे देश के भविष्य है यहां



पटेल ने कार्यक्रम में शिरकत की, प्रत्येक वर्ष की भांति दीक्षांत समारोह बड़ी धूम-धाम से मनाया गया, राज्यपाल आनंदीबेन पटेल सभी छात्र छात्राओं को शपथ दिलायी साथ ही डिग्री भी प्रदान की, यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय के उद्यान से निकलने के बाद उनके हांथो में राष्ट्र के निर्माण की पूरी जिम्नेदारी है जिस जिम्मेदारी को पूरी लगन ईमानदारी से जरूर निभायें, लगभग सवा दो घंटे के कार्यक्रम के बाद राज्यपाल लखनऊ राजभवन के लिये हुयी रवाना।

# व्यापारी से रंगदारी मांगने वाले 3 अभियुक्त गिरफ्तार कब्जे से घटना में प्रयुक्त स्विफ्ट कार बरामद

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा।** गौतम बुद्ध नगर थाना दनकौर पुलिस द्वारा फरीदाबाद के व्यापारी से रंगदारी मांगने व फोन पर धमकी देने वाले 03 अभियुक्त 1.जोगिन्द्र सिंह पुत्र राम स्वरूप निवासी अपना घर सोसायटी, सोहना रोड, फरीदाबाद 2.सुमित पुत्र उदयवीर सिंह निवासी डबुआ कॉलोनी, फरीदाबाद 3.अवनीत तिवारी पुत्र उमेश तिवारी निवासी सेक्टर-55, हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी, फरीदाबाद को थाना क्षेत्र के एचपी पेट्रोल पम्प नौरंगपुर के पास से के पास पेरीफेरल पर रोककर रंगदारी मांगी गयी तथा रंगदारी न देने पर काम ना करने देने की धमकी दी गयी जिसके सम्बन्ध थाना दनकौर पर मु0अ0सं0 28/23 धारा 342/384 भा0द0वि0 पंजीकृत किया गया। **अभियुक्तों का विवरणः** 1.जोगिन्द्र सिंह पुत्र राम स्वरूप निवासी अपना घर सोसायटी, सोहना रोड, फरीदाबाद। 2.सुमित पुत्र उदयवीर सिंह निवासी डबुआ कॉलोनी, फरीदाबाद। 3.अवनीत तिवारी पुत्र उमेश तिवारी निवासी सेक्टर-55, हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी,



गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्तों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त स्विफ्ट कार रजि0 नं0 एचआर 51 सीडी 4932 बरामद की गई है। दिनांक 26.01.2023 को वादी द्वारा थाना दनकौर पर सूचना अंकित करायी कि उनका लोहे के स्क्रेप का काम है, दिनांक 25.01.2023 को अभियुक्त 1.जोगिन्द्र सिंह 2.सुमित व 3.अवनीत तिवारी द्वारा उनकी माल से लदी गाड़ी को अड्डा गुजरान फरीदाबाद। **पंजीकृत अभियोग व आपराधिक इतिहास का विवरणः** 1.मु0अ0सं0 28/2023 धारा 342/384 भादवि थाना दनकौर, गौतमबुद्धनगर बनाम जोगिन्द्र सिंह, सुमित व अवनीत तिवारी। 2.मु0अ0सं0 212/2022 धारा 406/506 भादवि थाना बाबरी, शामली। बरामदगी का विवरणः घटना में प्रयुक्त स्विफ्ट कार रजि0 नं0 एचआर 51 सीडी 4932।

# मैहर महापंचायत के बिंदुओं को लेकर प्रशासन की मध्यस्थता में हुई त्रिपक्षीय वार्ता

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मैहर।** क्षेत्रीय जन कल्याण संघर्ष समिति एवं कांग्रेस पार्टी मैहर के संयुक्त तत्वाधान में वरिष्ठ कांग्रेस नेता रामनिवास उरमलिया द्वारा विगत 13 जनवरी को आयोजित महापंचायत के बाद प्रशासन को सौंपे गए ज्ञापन मे निहित बिंदुओं के निराकरण को लेकर की गई नियत तिथि 28 जनवरी को एसडीएम कार्यालय मैहर में तीनों सीमेंट प्रबंधन के प्रतिनिधि तथा महापंचायत आंदोलन के आयोजक रामनिवास उरमलिया व वन परिक्षेत्राधिकारी मैहर के बीच एस डी एम मैहर के संयोजकत्व मे त्रिपक्षीय वार्ता आयोजित की गई। करीब डेढ़ घंटे तक चली इस वार्ता में समस्याओं पर विस्तार से बिंदु वार चर्चा की गई बेवाक और दो टूक बोले रामनिवास उरमलिया क्षेत्रीय जनकल्याण संघर्ष समिति के अध्यक्ष रामनिवास उरमलिया ने जोर देकर कहा कि तीनों सीमेंट फैक्ट्रियों में मैहर क्षेत्र के लोगों को उनकी योग्यता अनुसार प्राथमिकता के आधार पर काम दिया जाए और यह मेरे संघर्ष का मुख्य ऐजेंडा है। फैक्ट्री प्रबंधनो द्वारा किसानों के साथ की गई ज्यादिती और वायदा खिलाफी का आरोप लगाते हुए वरिष्ठ कांग्रेस नेता रामनिवास उरमलिया ने कहा कि जिन किसानों की जमीन ली जा चुकी है उसके परिवार के एक सदस्य को नौकरी दिए जाने की शर्त हर हाल में पूरी करनी होगी साथ ही भविष्य में अधिग्रहीत की जाने वाली किसानों की भूमि पर बिचौलिओ की भूमिका कतई स्वीकार नहीं होगी तथा शासन द्वारा निर्धारित गाइडलाइन के मुताबिक प्रबंधन द्वारा सीधे किसान को राशि दी जाए।इसी प्रकार तीनो सीमेंट प्रबंधन श्रमिकों के शोषण पर तत्काल विराम लगाते हुए उनकी सुरक्षा एवम् काम के आधार पर वेतन सुनिश्चित करें।नीलगायों से पीड़ित किसानो की समस्या का जिक्र करते हुए मौके पर उपस्थित मैहर रेंजर से उन्होंने कहा कि नीलगाय से सुरक्षा हेतु वन विभाग कृषि एवं आबादी क्षेत्रों में बांधवगढ की तार की बाड़ी लगाए।रेंजर मैहर ने मैहर के जंगलों में 2400 नील गायों के होने की बात स्वीकारी और आवश्यक इंतजाम किए जाने हेतु उच्चाधिकारियों को प्रतिवेदन भेजने की बात कही।**फर्जी काम करना बंद करें सीमेंट प्रबंधन** कांग्रेस नेता श्री उरमलिया ने अपने चिर परिचित अंदाज में कहा कि सत्ता पक्ष के लोगों की खातिरदारी करके सीमेंट प्रबंधनो द्वारा धोखाधड़ी और फर्जी कार्य किए जा रहे हैं।हमारे क्षेत्र के किसानों की भूमि अधिग्रहित नहीं की गई बल्कि छीन ली गई है तथा किसान की जानकारी के बिना चोरी चोरी फर्जी रजिस्ट्री कराकर सीमेंट प्रबंधन चोरी और सीनाजोरी कर रहे हैं। इसके अलावा फैक्ट्री में कार्यरत तमाम बाहरी लोगों के फर्जी राशन कार्ड बनवाकर नौकरी पर रखा गया है ।उन्होंने एसडीएम मैहर से कहा कि फैक्ट्रियों में कार्यरत





समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों का पुलिस वेरिफिकेशन कराया जाए ताकि असलियत का पता चल सके और फर्जीवाड़े का खुलासा हो। **एसडीएम ने दी हिदायत** वार्ता की मध्यस्थता कर रहे एसडीएम मैहर ने सीमेंट प्रबंधन के उपस्थित प्रतिनिधियों को हिदायत देते हुए कहा कि क्षेत्रीय लोगों को विश्वास में लेकर काम करें तो अपवाद मे कमी आएगी। लगातार आरोपों से घिरे रहना अच्छी बात नहीं है। सबके लिए नियम कायदे बने हैं ।किसानों और मजदूरों को गाइड लाइन के अनुसार लाभ मिलना चाहिए।आप लोगों की कार्यप्रणाली पर आंदोलन पर आंदोलन हो रहे हैं।पीड़ित किसानो के न्यायालीन प्रकरण भी चल रहे हैं।सबको साथ लेकर चलना होगा और बार बार मेरे पास शिकायत नहीं आनी चाहिए। नीलगायों से हो रहे नुकसान पर एस डी एम ने कहा कि किसानों का नुकसान कैसे रोका जाए इस पर वन और राजस्व विभाग की संयुक्त पहल जरूरी है ये लिए गए निर्णय किसानों की भूमि अधिग्रहण से बिचौलिए होंगे बाहर । जिन किसानों को नौकरी दिए जाने का एग्रीमेंट दिया गया था उनके परिवार के एक सदस्य को तत्काल नौकरी दी जाएगी। क्षेत्रीय लोगों को योग्यतानुसार काम दिया जायेगा। कार्यरत श्रमिकों को नियमानुसार लाभ दिया जायेगा नीलगायों से सुरक्षा हेतु बारह फिट ऊंचाई की तार बाउंड्री लगाने वन एवम् राजस्व विभाग द्वारा संयुक्त पहल की जाएगी **समस्याओं के निराकरण की तारीख हुई तय** एसडीएम मैहर ने महापंचायत के ज्ञापन मुताबिक समस्याओं के निराकरण किए जाने हेतु तीनों सीमेंट फैक्ट्रियों के लिए अलग अलग तारीख निश्चित की जिसके तहत बिरला सीमेंट(रिलायंस) 07 फरवरी , के जे एस सीमेंट 09 फरवरी तथा 11फरवरी को अल्ट्राटेक सीमेंट द्वारा आरोपों एवम् समस्याओं का आधारभूत निराकरण किया जायेगा। **इनकी रही उल्लेखनीय उपस्थिति** धर्मेन्द्र मिश्रा एस डी एम मैहर,रामनिवास उरमलिया (वरिष्ठ कांग्रेस नेता मैहर), डॉ. राजकुमार गौतम (सचिव क्षेत्रीय जन कल्याण संघर्ष समिति),बिरला सीमेंट प्रबंधन की ओर से ए जी पी एच आर आलोक गुप्ता, के जे एस से जनरल मैनेजर राजेश कुमार शर्मा अल्ट्राटेक सीमेंट के प्रशासनिक अधिकारी जे पी सिंह तथा वन विभाग से सतीश चन्द्र मिश्रा रेंजर मैहर ।

# शहरी क्षेत्र के गरीबों को स्वरोजगार के लिए मिलेगा 2 लाख रुपए तक का ऋण

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा।** परियोजना अधिकारी डूडा गौतमबुद्धनगर ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर पालिका परिषद दादरी के अंतर्गत आने वाले शहरी गरीबों को दीनदयाल अंत्योदय योजना, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत स्वरोजगार कार्यक्रम योजना के अंतर्गत शहरी बेरोजगार, जिनकी वार्षिक आय 1 लाख रुपये से कम हो, उन्हें स्वरोजगार करने के लिए 2 लाख रुपये तक का ऋण बैंकों के माध्यम से प्रदान किया जाएगा।



उन्होंने बताया कि उक्त योजना में इच्छुक व्यक्ति कार्यालय जिला नगरीय विकास अभिकरण डूडा कमरा नंबर 315 विकास भवन सूरजपुर ग्रेटर नोएडा एवं नगर पालिका परिषद दादरी में संपर्क करके निःशुल्क ऋण के लिए आवेदन पत्र प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि आवेदन पत्र के साथ आय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड तथा राशन कार्ड आगामी 30 जनवरी तक कार्यालय में जमा करना अनिवार्य हैं।

# सडक सुरक्षा जागरूकता अभियान

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा।** पुलिस कमिश्नर गौतमबुद्धनगर श्रीमती लक्ष्मी सिंह के निर्देशानुसार डीसीपी ट्रैफिक अनिल कुमार यादव के निर्देशन में



यातायात पुलिस द्वारा सडक सुरक्षा माह के अंतर्गत लगातार नागरिकों व छात्र/छात्राओं को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से जागरूकता एवं प्रवर्तन अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस कमिश्नर गौतमबुद्धनगर श्रीमती लक्ष्मी सिंह के निर्देशानुसार डीसीपी ट्रैफिक श्री अनिल कुमार यादव के निर्देशन में यातायात पुलिस द्वारा सडक सुरक्षा माह के अंतर्गत लगातार कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर में नागरिकों व छात्र/छात्राओं को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, जिसके अनुपालन में 5.01.2023 से शुरू सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत आज 28/1/2023 को यातायात पुलिस की रोड सेफ्टी सेल द्वारा वाहन चालको एवं विभिन्न स्कूल के बच्चों एवं स्टाफ व पैदल व्यक्तियों आदि को यातायात नियमों का पालन करने तथा वाहनों चालकों को इंश्योरेंस व ड्राइवर लाइसेंस अपडेट करने हेतु गोष्टी, कार्यशाला इत्यादि के माध्यम से जागरूक किया गया। तथा सूरजपुर चौराहे पर सीपीआर व फर्स्ट एड का प्रशिक्षण दिया गया सड़क सुरक्षा माह के दौरान अभी तक लगभग 16540 छात्र-छात्राएं, वाहन चालक, व्यक्तियों आदि को यातायात नियमों का पालन करने हेतु जागरूक किया गया। यातायात पुलिस द्वारा प्रवर्तन अभियान के दौरान विभिन्न यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर 5 जनवरी से 28 जनवरी तक कुल 29189 ई -चालान की कार्रवाई की गई।

# ईपीसीएच ने 'वृक्ष - इंडियन टिंबर लीगलटी एसेसमेंट एंड वेरिफिकेशन स्कीम' और 'रीचिंग आउट टु ओवरसीज़ बायर थ्रू बाइंग हाउसेस' पर इंटरएक्टिव सत्र आयोजित किया

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा।** एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल फॉर हैंडीक्राफ्ट एंड सोर्सिंग कंसल्टेंट्स एसोसिएशन (बीएए) ने संयुक्त रूप से 28 जनवरी को नई दिल्ली में 'वृक्ष - इंडियन टिम्बर लीगैलिटी असेसमेंट एंड वेरिफिकेशन स्कीम' और 'रीचिंग आउट टू ओवरसीज बायर थ्रू हाउसिंग' पर एक इंटरएक्टिव सत्र आयोजित किया। राज कुमार मल्होत्रा, अध्यक्ष - ईपीसीएच के प्रमुख निर्यातकों जैसी विभिन्न एजेंसियों के सभी अधिकारियों का स्वागत किया। उन्होंने बताया कि आज का इंटरएक्टिव सत्र निर्यातकों की सुविधा और निर्यात को बढ़ावा देने के लिए अंतरराष्ट्रीय अनुपालन से संबंधित उनके मुद्दों को संबोधित करने के लिए आयोजित किया गया है। हस्तशिल्प निर्यात की प्रतिस्पर्धात्मकता और निर्यात अवसरों की एक विस्तृत श्रृंखला तक पहुंच में अंतर्राष्ट्रीय बाजार




(वर्चुअली शामिल हुए) रवि पासी, पूर्व अध्यक्ष ईपीसीएच और संयोजक (उत्तरी क्षेत्र), डी कुमार, सदस्य सीओए - ईपीसीएच, आर. के. वर्मा, कार्यकारी निदेशक - ईपीसीएच,सचिन राज जैन, संयोजक, एनसीसीएफ; विशाल ढींगरा, अध्यक्ष, सोर्सिंग कंसल्टेंट्स एसोसिएशन (बीएए) ; राजेश रावत, अतिरिक्त कार्यकारी निदेशक - ईपीसीएच और दिल्ली एन सी आर के प्रमुख निर्यातक और खरीद प्रतिनिधि उपस्थित थे । राकेश कुमार, महानिदेशक ईपीसीएच ने सूचित किया गया। आर.के. वर्मा, कार्यकारी निदेशक - ईपीसीएच ने जीआईपीएल, सोर्सिंग कंसल्टेंट्स एसोसिएशन (बीएए), खरीद प्रतिनिधियों और दिल्ली एनसीआर मानक और अनुपालन एक महत्वपूर्ण कारक बन रहे हैं। एक और पहलू जिसका लकड़ी के हस्तशिल्प निर्यातकों को ध्यान रखना चाहिए, वह लकड़ी की वैधता के संबंध में आवश्यक अनुपालन है और ईपीसीएच की 'वृक्ष - इंडियन टिम्बर लीगैलिटी असेसमेंट एंड वेरिफिकेशन स्कीम' जो 184 सीआईटीईएस हस्ताक्षरकर्ता देशों में स्वीकार की जाती है, का उद्देश्य निर्यातक के लिए भी ऐसा ही करना है।रवि पासी, पूर्व अध्यक्ष - ईपीसीएच और संयोजक (उत्तरी क्षेत्र) ने वर्षों से ईपीसीएच द्वारा प्रदान किए गए विभिन्न उत्पादों और समाधानों पर प्रमाणन की यात्रा को साझा किया। उन्होंने आगे बताया कि मूल्य श्रृंखला में वे सभी गतिविधियां शामिल हैं जो व्यवसाय एक उत्पाद को अवधारणा से अंतिम उपयोग और उसके बाद लाने के लिए करते हैं। एक मूल्य श्रृंखला की गतिविधियों को एक फर्म के भीतर समाहित किया जा सकता है या कई फर्मों के बीच विभाजित किया जा सकता है। मूल्य श्रृंखला गतिविधियाँ वस्तुओं या सेवाओं का उत्पादन कर सकती हैं और एक भौगोलिक स्थान पर केंद्रित हो सकती हैं या एक बड़े क्षेत्र में फैली हुई हो सकती हैं। एनसीसीएफ के संयोजक सचिन राज जैन ने इस अवसर 'वृक्ष - भारतीय इमारती लकड़ी वैधता आकलन और सत्यापन योजना' पर एक विस्तृत प्रस्तुति दी, जिसमें अंतरराष्ट्रीय नियमों के अनुसार ठउचित परिश्रमठ या ठउचित देखभालठ द्वारा लकड़ी की वैधता के महत्व पर प्रकाश डाला गया। उन्होंने इस पर विस्तार से बताया कि कैसे वृक्ष (वीआरआईकेएसएच) मानक में शामिल कस्टडी आवश्यक ताओं की श्रृंखला संगठनों की आंतरिक प्रक्रियाओं के माध्यम से मान्यता प्राप्त आपूर्ति श्रृंखला प्रतिभागियों से प्राप्त ठवृक्षठ सत्यापित टिम्बर उत्पादों को सटीक रूप से ट्रैक करने की क्षमता प्रदान करेगा ताकि ग्राहकों से उन उत्पादों की कानूनी वैधता और उत्पत्ति को लेकर सटीक दावा किया जा सके। इसके अलावा, उन्होंने मौजूदा कारोबारी माहौल में सस्टेनेबिल्टी, सर्कुलर इकॉनमी, कार्बन कॉन्ससियस वर्ल्डऔर कार्बन नेट शून्य के महत्व पर जोर दिया। दुनिया भर की सरकारें अब प्रोत्साहन और कार्बन क्रेडिट प्रदान करके और उद्योग को सामाजिक जिम्मेदारी के मूल्य को समझाकर कारखानों से शून्य कार्बन उत्सर्जन का लक्ष्य बना रही हैं।

# थाना प्रभारी ने पैसे लेकर छोड़ दिए थे गांजा तस्करी में संलिप्त वाहन और आरोपी पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार मैहर एसडीओपी करेंगे जांच

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सतना।** थाना प्रभारी द्वारा गांजा तस्करी में शामिल वाहन और आरोपियों को पैसे लेकर छोड़ देने का मामला सामने आया है। जांच के बाद हुए खुलासे से पुलिस महकमे के अधिकारी भी सन्न है कि उनके थाना प्रभारी गांजा तस्करों के संरक्षक बने हुए हैं। हालांकि जांच के बाद सामने आए नए तथ्यों के बाद छोड़े गए आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। गांजा तस्करी में संलिप्त वाहन को भी जब्त कर लिया गया है। जो जानकारी आई है उसके अनुसार थाना प्रभारी ने गवाहों के माध्यम से गांजा तस्करों से पैसे का लेन देन किया था। अब थाना प्रभारी की विभागीय जांच प्रारंभ कर दी गई है। पांच माह पहले खेल हुआ था पांच माह पहले बदेरा पुलिस ने कार में छिपा कर ले जाए जा रहे 3 लाख के गांजे के साथ तीन अंतर प्रांतीय तस्करों को पकड़ कर खूब वाह-वाही लूटी थी। लेकिन अब जो खुलासा हुआ है उसमें थाना प्रभारी राजश्री रोहित के कारनामों ने महकमे की छवि पर कालिख पोतने का काम किया है। दरअसल प्राथमिक जांच में यह तथ्य सामने आया है कि घटना के दिन राजश्री रोहित ने गांजा तस्करों से बड़ी रकम लेकर एक कार और उस कार में बैठे तस्करों को छोड़ दिया था और सिर्फ एक कार और उसमें बैठे तस्करों की गिरफ्तारी दिखाई थी। अब इसकी विस्तृत विभागीय जांच के आदेश पुलिस अधीक्षक ने एसडीओपी मैहर को दे दिए हैं। इस तरह हुआ खुलासा दरअसल एनडीपीएस एक्ट के तहत जो भी प्रकरण बनता है उसकी जांच किसी अन्य थाने को दी जाती है। लिहाजा बदेरा थाने में की गई इस कार्यवाही की विवेचना अमदरा थाना प्रभारी को दी गई। जब बदेरा थाना प्रभारी राजश्री रोहित द्वारा की गई कार्रवाई



को देखा गया तो पाया गया कि इस घटना में सिर्फ तीन आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए इनके द्वारा प्रयुक्त एक टाटा टियागो कार को जब्त करना बताया गया था। जो वाहन पकड़ा गया था उसका मालिक कपिलेश्वर बगरडी निवासी उड़ीसा था। इस आधार पर जब विवेचना प्रारंभ की गई तो पुलिस कपिलेश्वर बगरडी तक पहुंची और उसे गिरफ्तार कर लिया। इससे हुई पूछताछ और अन्य गिरफ्तार आरोपियों से जब पुलिस ने पूछताछ शुरू की तो चौंकाने वाले तथ्यों का खुलासा हुआ। ये हुआ खुलासा पूछताछ में पाया गया कि घटना दिनांक को जब कपिलेश्वर बगरडी के वाहन में बैठे लोगों को पकडकर कार जब्त की गई थी उसी दिन इस वाहन के पीछे चल रही एक और कार और उसमें बैठे कपिल देव मिश्रा को भी थाना प्रभारी बदेरा ने पकड़ा था। कपिल देव मिश्रा को थाने में भी बैठा कर रखा गया था। लेकिन कपिल देव मिश्रा से हुई चर्चा के बाद वाहन को तो जाने दिया गया लेकिन कपिल देव को कुछ और वक्त तक बैठाए रखा गया। उसे बैठाने के पीछे की वजह थाना प्रभारी द्वारा बताए गए लोगों के खातों में तय रकम का नहीं पहुंचना था। जब थाना प्रभारी इस बात से पुख्ता हो गई कि उनकी तय रकम मिल गई है तब कपिल देव मिश्रा को छोड़ दिया गया। यह जानकारी सामने आने के बाद पुलिस ने उस वक्त छोड़ी गई कार को जब्त करने के साथ ही आरोपी कपिलदेव मिश्रा को गिरफ्त मे ले लिया। इसके बाद आरोपी को न्यायालय में प्रस्तुत कर जेल भेज दिया गया है। अब होगी विभागीय जांच जैसे ही पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता को थाना प्रभारी राजश्री रोहित के इस खेल का पता चला तो उन्हें तत्काल प्रभाव से थाने से हटाया गया साथ ही इस मामले की विस्तृत विभागीय जांच का जिम्मा एसडीओपी मैहर को दिया गया है। गवाहों के खाते लिया पैसा प्राथमिक पूछताछ में यह बात सामने आ रही है कि राजश्री रोहित ने गांजे की तस्करी में प्रयुक्त वाहन और आरोपी को छोड़ने के लिये लगभग 5 लाख रुपये में सौदा किया था। यह रकम इस प्रकरण के गवाह बने लोगों के खाते में मंगाई गई थी। हालांकि पुलिस आधिकारिक तौर पर इस पर चुप है और यह बताया जा रहा है कि यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि कितनी राशि और किसके माध्यम से ली गई थी। इस संबंध में कई लोगों से पूछताछ की जा रही है। साथ ही थाने के कर्मचारियों के भी बयान लिए जा रहे हैं। अपनी तरह का पहला मामला गांजा तस्करी में लिप्त आरोपी और वाहन को पैसे लेकर थाना प्रभारी द्वारा छोड़े जाने का जिले का अपनी तरह का पहला आधिकारिक मामला है। इस मामले में थाना प्रभारी राजश्री रोहित की गर्दन फंस गई है और जांच पूरी होने पर उन्हें दीर्घ कालिक शास्ति का दण्ड दिया जा सकता है। उल्लेखनीय है राजश्री रोहित इसके पहले चित्रकूट मेला ड्यूटी से बिना सूचना गायब होने और सतना के प्रेमनगर स्थित घर में चली गोली के मामले में भी विवाद में आ चुकी हैं। छोड़े गए वाहन को जब्त कर लिया गया है और छोड़ा गया आरोपी भी पकड़ कर जेल भेजा जा चुका है। विस्तृत जांच के निर्देश एसडीओपी मैहर को दिए गए हैं।

### नाबालिग लडकी के साथ दुष्कर्म करने वाला अभियुक्त गिरफ्तार

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा।** थाना फेस 3 नोएडा पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 365/22 धारा 363/376 डी भादवि व 5/6 पोक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त फरजान पुत्र मईनूद्दीन निवासी मयूर बिहार डासना थाना मसूरी जिला गाजियाबाद को गढी गोल चक्कर के पास से गिरफ्तार किया गया है। दिनांक 21.07.2022 को पडोस में रहने वाले अभियुक्त द्वारा वादी की नाबालिग पुत्री को बहला फुसलाकर ले जाना तथा दुष्कर्म की घटना कारित करना।
**पंजीकृत अभियोग का विवरणः** मु0अ0सं0 365/2022 धारा 363/376डी भादवि व 5/6 पोक्सो एक्ट थाना फेस-3 गौतमबुद्धनगर। **अभियुक्त का विवरणः** फरजान पुत्र मईनूद्दीन निवासी मयूर बिहार डासना थाना मसूरी जिला गाजियाबाद उम्र 21।



# मुख्य अतिथि अभिनेत्री कंचन अवस्थी को पुणे में मिला " दादा साहब फालके सिने इनटेरनेशनल अवार्ड -2023



**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**पुणे।** आंन्तरराष्ट्रीय मानवाधिकार राजदुत संघटना,मुम्बई तथा लनदन बुक आफ रिकार्डस द्वारा पुणे मे आयोजित एक भव्य कार्यक्रम में लखनऊ, उत्तर प्रदेश की अभिनेत्री कंचन अवस्थी को उनके फिल्मों में अभूतपर्व योगदान के लिये " दादा साहब फालके सिने इनटेरनेशनल अवार्ड -2023" से सम्मनित किया गया। कंचन अवस्थी को अभी हाल ही में लन्दन बुक आफ रिकाड्‌र्स तथा भारत सम्मान-2022 से नवाज़ा गया। कंचन अवस्थी ने फीचर फिल्म फ्राड सैंया, मंटो रीमिक्स ( अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शित), लव हैकर्स, अंकुर अरोड़ा मर्डर केस, गन वाली दुलहनिया, भूत वाली लव स्टोरी,मैं खुदी राम बोस, चापेकर ब्रदर्स,जय जवान जय किसान, कुतुब मीनार सहित बहुत सी फिल्मों में अपने अभिनय का लोहा मनवाया है। अभी हाल ही में भैया जी स्माइल सहित कई वेब सीरीज में कार्य किया है। धारावाहिक अम्मा में भी इनके किरदार को बहुत सराहा गया है।

# प्रत्युषा बनर्जी के एक्स बॉयफ्रेंड राहुल राज सिंह के घर गूंजी किलकारी, एक्टर ने बताया बच्चे का नाम

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** टीवी और बॉलीवुड इंडस्ट्री में इन दिनों एक के बाद एक गुड न्यूज सामने आ रही है। एक तरह जहां सेलेब्स शादी के बंधन में बंध रहे हैं, तो वहीं दूसरी ओर कई सेलेब्स पेरेंट्स बन रहे हैं। हाल ही में दीपिका कक्कड़ और शोएब इब्राहिम ने फैंस के साथ अपनी खुशखबरी शेयर की को दुनिया के टॉप पर महसूस कर रहे हैं। हमारी बिटिया बहुत प्यारी है। हमने उसका नाम शिवन्या रखा है। भगवान शिव के भक्त के रूप में इस नाम को अंतिम रूप देना स्वाभाविक था, जिसका उनसे संबंध हो। शिवन्या का अर्थ है, वह जो असीम और अक्षय है।" उन्होंने कहा, "हमारी बेटी का जन्म एक शुभ दिन हुआ



थी। वहीं अब टीवी स्टार राहुल राज सिंह को लेकर खबर सामने आई हैं कि एक्ट पापा बन गए हैं।'माता की चौकी' फेम टीवी एक्टर राहुल राज सिंह पिता बन गए हैं। उन्होंने नवंबर 2018 में मुंबई में अभिनेत्री व एंटरप्रेन्योर सलोनी शर्मा संग शादी की थी। अब शादी के चार साल बाद वह पापा बने हैं। दरअसल, राहुल राज सिंह की पत्नी सलोनी शर्मा ने 26 जनवरी 2023 को एक बच्ची को जन्म दिया। ई टाइम्स' की एक रिपोर्ट के मुताबिक राहुल राज सिंह ने कहा, हम धन्य और खुद है...इसका बहुत महत्व है। पहला गणतंत्र दिवस होने के नाते और दूसरा यह सरस्वती पूजा के साथ हुआ। बता दें कि राहुल राज सिंह अपनी गर्लफ्रेंड और अभिनेत्री प्रत्युषा बनर्जी के निधन के बाद सुर्खियों में थे। बालिका वधु फेन प्रत्युषा बनर्जी का निधन आत्महत्या करने की वजह से अप्रैल, 2016 में हुआ था। बता दें एक्ट्रेस की मौत के बाद राहुल निशाने पर आ गए थे। इंडस्ट्री से जुड़े प्रत्युषा के करीबियों ने राहुल को मौत का जिम्मेदार बताया था। इस मामले के बाद एक्टर ने साल 2018 में शादी की।

# टीना दत्ता ने बिग बॉस के मेकर्स पर लगाए गंभीर आरोप, शालीन-निमृत को लेकर भी किया शॉकिंग खुलासा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** बिग बॉस 16 से टीना दत्ता बाहर हो चुकी हैं। इस तरह फिनाले से 15 दिन पहले उनका सफर खत्म हो चुका है। टीना ने बाहर आते ही बिग बॉस के मेकर्स पर गंभीर इल्जाम लगाने शुरू कर दिए हैं। उतरन की इच्छा ने अब एक-एक करके सबके कच्चे चिट्ठे खोलने शुरू कर दिए हैं। एविक्शन निकाली है। उन्होंने कहा कि ये सब मंडली के फेवर के लिए था और मुझे फराह मैम से ऐसी उम्मीद बिल्कुल भी नहीं थी। एक्ट्रेस ने कहा कि हर वीकेंड का वार पर उन्हें डांट पड़ती थी जिसके बाद वो सदमे में आ गई थीं। वो इतनी दहशत में भी थी कि अपना गेम भी नहीं खेल पा रही थीं। टीना ने बिग बॉस के मेकर्स पर पक्षपात का भी बिग बॉस में हर टास्क इतनी चालाकी से रखा गया कि हम कभी निमृत से टिकट टू फिनाले छीन ही नहीं सकते थे। आपसी सहमति कभी बनती ही नहीं थी क्योंकि वो ही लोग संख्या में ज्यादा थे तो वही जीतते थे। उतरन की इच्छा के मुताबिक ये सब जानबूझकर किया गया था ताकि मंडली को फायदा हो। टीना ने शालीन पर



से पहले होस्ट फराह खान ने उन्हें खूब खरी खोटी सुनाई और कहा कि वो पूरे सीजन सबको यूज करती रही और घर की असली मास्टरमांइड टीना दत्ता ही हैं। फराह खान पर भी टीना दत्ता ने बाहर निकलते ही अपनी भड़ास आरोप लगाया। टीना दत्ता ने कहा कि बिग बॉस भी मंडली की ही तरफ थे और उनके साथ काफी पक्षपात हुआ है। निमृत कौर को सब कुछ प्लेट में सजा कर मिला। उसे पहले टिकट टू फिनाले दिया गया फिर नॉमिनेशन से भी बचा लिया गया। भी उनकी इमेज खराब करने का आरोप लगाया उन्होंने कहा कि वो बाहर कभी भी शालीन से मिलना पसंद नहीं करेंगी। बता दें कि टीना के जाने के बाद घर में शालीन डांस करते हुए नजर आए थे। दुख सिर्फ टीना की दोस्त प्रियंका को हुआ था।

# पहली बार बेटी के साथ नजर आईं टीवी एक्ट्रेस साक्षी पांच साल पहले बनी थी मां

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** टीवी की पार्वती यानी मशहूर एक्ट्रेस साक्षी तंवर ने घर-घर शो कहानी घर-घर से अपनी पहचान बनाई थी। एक्ट्रेस ने अपने अभिनय की शुरुआत टीवी की दुनिया से कर बड़े पर्दे तक खुद को पहुंचाया। उन्हें आज भी लोग पार्वती के नाम से ही जानते हैं। तंवर है। वहीं अब पहली बार मीडिया में एक्ट्रेस बेटी के साथ नजर आईं। रवि की बर्थडे पार्टी में दित्या रेड कलर की फ्रॉक में मम्मी का हाथ थामे नजर आईं।वहीं, एक्ट्रेस ब्लैक कलर के सूट में नजर आईं। उन्होंने अपनी बच्ची के साथ पैपराजी को पोज दिए। बेटी को गोद लेना उन्होंने



हालांकि पिछले कुछ सालों से एक्ट्रेस पर्दे से दूर अपने परिवार के साथ वक्त गुजर रही है। ऐसे में शनिवार को उन्हें एकता कपूर के बेटे रवि कपूर की पार्टी में स्पॉट किया गया। इस दौरान एक्ट्रेस अपनी लाडली बेटी के साथ नजर आई। बेटी दित्या के साथ पहली बार दिखी साक्षी तंवर साक्षी तंवर ने साल 2018 में मां बनी थी। उन्होंने एक बेटी को गोद लिया था, जिसका नाम उन्होंने दित्या अपनी जिंदगी का सबसे बड़ा पल बताया था। साक्षी ने अपनी बेटी को गोद में लेते हुए एक तस्वीर भी शेयर की थी। साक्षी तंवर एक सिंगर मदर हैं। साक्षी ने अभी तक शादी नहीं की है। सालों पहले खबरें सामने आई थी कि एक्ट्रेस ने एक बिजनेसमैन से गुपचुप शादी की थी, लेकिन खुद साक्षी ने इन खबरों को खारिज किया था और इन्हें केवल अफवाह बताया था।

# 'भारत में मुस्लिम एक्टर्स को हमेशा प्यार मिला, नफरत मत फैलाओ' पठान के सक्सेस पर बोलीं कंगना

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** शाह रुख खान की पठान की सफलता पर एक बार फिर कंगना रनोट ने रिएक्ट किया है जो शाह रुख के लिए खड़े हैं और नफरत फैलाने वालों को करारा जवाब दिया है। कंगना ने अपने ट्विटर पर इस सिद्धांत को खारिज जैसा कोई देश नहीं है। प्रिया गुप्ता ने ट्वीट में लिखा था, 'पठान की अपार सफलता के लिए शाह रुख और दीपिका पादुकोण को बड़ी





है। उनका कहना है कि 'नफरत और फासीवाद' भारत में मौजूद नहीं है। एक्ट्रेस ने एक फिल्म निर्माता का ट्वीट शेयर किया ट्वीट शेयर किया जिसमें शाह रुख के फैंस को पठान की सफलता का जश्न मनाते दिखाया गया है। कंगना ने दावा किया कि पठान को मिल रहा केलेक्शन इस बात का सबूत है कि शाह रुख जैसे मुस्लिम एक्ट्रेसेस को देश में केवल प्यार मिला है। पठान की सफलता को कई लोगों ने 'नफरत पर प्यार की जीत' कहा है, जिसमें आलिया भट्ट और करण जौहर भी शामिल हैं। कई लोगों ने कहा है कि यह उन लोगों का प्रतीक करते हुए कॉन्सेप्ट से असहमति जताई है। शनिवार को उन्होंने एक बार फिर इस मुद्दे को लेकर सोशल मीडिया पर अपनी बात सामने रखी। प्रोड्यूसर प्रिया गुप्ता ने एसआरके फैंस के झूम जो पठान पर डांस करते हुए वीडियो शेयर किया। इसे री शेयर करते हुए कंगना ने लिखा, 'बहुत अच्छा विश्लेषणष्ठ इस देश ने केवल और केवल सभी खानो को प्यार किया है और कभी-कभी केवल और केवल खानो को और मुस्लिम अभिनेत्रियों पर भी... इसलिए भारत पर नफरत और फासीवाद का आरोप लगाना बहुत गलत हैष्ठ पूरी दुनिया में भारत बधाई!!! यह साबित करता है कि 1) हिंदू मुस्लिम शाह रुख खान को समान रूप से प्यार करते हैं 2) विवादों का बहिष्कार फिल्म को नुकसान नहीं पहुंचाता बल्कि मदद करता है 3) इरोटिका और अच्छा संगीत काम करता है 4) भारत सुपर सेक्युलर है। बता दें कि इससे पहले कंगना ने बॉलीवुड को 'एक नैरेटिव' नहीं बनाने की चेतावनी दी थी कि वे 'हिंदू हेट से पीड़ित' हैं। उन्होंने बॉक्स ऑफिस पर अपनी हालिया असफलता धाकड़ को लेकर ट्रोल करने वाले ट्वीट्स का भी जवाब दिया था।

# जोया अख्तर के घर के बाहर स्पॉट हुईं कटरीना और आलिया, फैंस ने लगाए इस फिल्म पर काम शुरू होने के कयास

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** आलिया भट्ट और कटरीना कैफ को जोया अख्तर के मुंबई स्थित आवास के बाहर स्पॉट किया गया है। इसके वीडियो भी सोशल मीडिया पर सामने आए हैं। रही हैं। इस दौरान आलिया ने पैपराजी के देखते हुए हाथ हिलाया है। वहीं एक अन्य वीडियो में कटरीना जोया अख्तर के घर के बाहर निकलती हुई स्पॉट हुईं। उन्होंने ब्लू जींस और व्हाइट टॉप फिल्म पर काम शुरू होने को लेकर फैंस में काफी खुशी है। आलिया, कटरीना और प्रियंका को साथ देखकर फैंस काफी खुश हैं हालांकि इससे पहले तीनों एक्ट्रेस जोया अख्तर के साथ काम कर चुकी





जिसमें कटरीना और आलिया जोया के घर से बाहर निकलते हुए अपनी-अपनी कार में बैठती हुई नजर आ रही हैं। अब इन वीडियोज को देखकर उनके फैंस कयास लगा रहे हैं कि दोनों ने फिल्म 'जी ले जरा' पर काम शुरू कर दिया है। इस फिल्म की अनाउंसमेंट के 2 साल बीत चुके हैं लेकिन फिल्म पर अबतक काम शुरू नहीं हुआ है। इस फिल्म में आलिया और कटरीना के अलावा प्रियंका चोपड़ा भी नजर आएंगी। आलिया ब्लैक आउटफिट पहने कैजुअल लुक में नजर आ के ऊपर जेकेट पेयर किया था। फिल्म 'जी ले जरा' को 2021 में अनाउंस किया गया था। 2 साल बाद इस फिल्म पर काम शुरू होने के कयास लगाए जा रहे हैं। इस फिल्म के साथ आलिया भट्ट, कटरीना कैफ और प्रियंका चोपड़ा पहली बार बड़े पर्दे पर नजर आएंगी। फरहान अख्तर के निर्देशन में बनने वाली इस फिल्म को रीमा कागती और जोया अख्तर ने लिखा है। इससे पहले रीमा कागती जिंदगी मिलेगी न दोबारा और दिल धड़कने दो जैसी फिल्में लिख चुकी हैं। इस हैं। आलिया ने जोया के साथ फिल्म 'गली बॉय' में काम किया था। वहीं प्रियंका ने फिल्म 'धड़कने दो' में नजर आई थीं, और कटरीना फिल्म 'जिंदगी न मिलेगी दोबारा' में काम कर चुकी हैं। वर्क फ्रंट की बात करें तो आलिया आखिरी बार फिल्म 'ब्रह्मास्त्र' में नजर आई थीं। जो 2022 की सुपरहिट फिल्म थी। प्रियंका चोपड़ा की लास्ट बॉलीवुड फिल्म 'द स्काई इज पिंक' थी। वहीं कटरीना आखिरी बार फिल्म 'फोन भूत' में नजर आई थीं।

# भाई अबराम के साथ डिनर करने कैफे पहुंची सुहाना ब्लैक आउटफिट में स्टाइलिश

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** सुहाना खान को शनिवार रात भाई अबराम के साथ कैफे के बाहर स्पॉट किया गया। दोनों भाई-बहन डिनर के लिए बांद्रा स्थित कैफे पहुंचे थे। सुहाना और



अबराम ब्लैक आउटफिट में एक-दूसरे को ट्विन करते नजर आए। इस दौरान अबराम की नैनी भी उनके साथ रेस्टोरेंट में नजर आईं। ब्लैक आउटफिट में नजर आईं सुहाना इस वीडियो में सुहाना हंसते हुए नजर आ रही हैं। इस दौरान उन्होंने कट-आउट सिल्क ड्रेस पहनी हुई है। इसके साथ उन्होंने ब्लैक पर्स और स्लिपर्स कैरी किया हुआ है। वहीं अबराम ब्लैक टी-शर्ट और ब्लू शॉर्ट्स में नजर आ रहे हैं। उन्होंने हाथ में आईपैड पकड़ा हुआ है। कैफे से बाहर निकलते ही अबराम का हाथ उनकी नैनी ने पकड़ लिया।फैंस को सुहाना का ये अंदाज काफी पसंद आया। ऐसे में फैंस ने कमेंट सेक्शन में सुहाना की खासी तारीफ की है। एक फैन ने लिखा, 'सुहाना कितनी ग्रेसफुल लग रही हैं।' वहीं एक अन्य ने लिखा, 'सुहाना खान समय के साथ खुद में सुधार कर रही हैं...' एक यूजर ने लिखा, 'प्यारे अबराम और सू (सुहाना)'। एक फैन ने लिखा, 'बच्चों के लिए बुरा लग रहा है। कोई प्राइवेसी नहीं है। खैर दोनों काफी अच्छे लग रहे हैं।' फैशन सेंस को लेकर चर्चाओं में सुहाना 22 साल की सुहाना बॉलीवुड किंग शाहरुख खान और गौरी खान की बेटी हैं। उनका 25 साल का बड़ा भाई आर्यन खान और 9 साल का छोटा भाई आर्यन खान है।

# अस्पताल से हुए डिस्चार्ज, सीने में दर्द की शिकायत के चलते हुए थे भर्ती

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** तीन दिन पहले हिंदी सिनेमा के दिग्गज कलाकार अन्नू कपूर बिगड़ी तबीयत के चलते गंगा



राम अस्पताल में भर्ती करवाया था। खबरें थी कि एक्टर के अचानक सीने में दर्द हुआ था। वहीं एक्टर को लेकर खबर सामने आ रही है। उन्हें अस्पताल से छुट्टी मिल गई है। अन्नू कपूर के फैंस के लिए अब अच्छी खबर सामने आ रही है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक एक्टर को 29 जनवरी की दोपहर अस्पताल से छुट्टी मिल गई है। 3 दिनों तक अन्नू कपूर का इलाज कार्डियलजी स्पेशलिस्ट डॉक्टर्स जीपीएस साहनी, रजनीश जैन, राजीव पासी, बीएस विवेक और सुशांत वट्टल की टीम की देखरेख में चल रहा था। हालांकि अब एक्टर बिल्कुल ठीक हैं और पहले से काफी ज्यादा अच्छा महसूस कर रहे हैं। ये जानकारी इस हॉस्पिटल के अध्यक्ष डॉ अजय स्वरुप ने मीडिया को दी है।अन्नू कपूर ने अपने करियर की शुरुआत साल 1979 में बतौर स्टेज आर्टिस्ट के जरिय की थी। महज 22-23 की उम्र में एक्टर ने 70 साल के वृद्ध का किरदार निभाया था। इस किरदार से वह काफी मशहूर हुए थे। उन्होंने 100 से ज्यादा फिल्मों के साथ-साथ कई टीवी सीरियल्स में काम किया है। अन्नू एक्टर होने के साथ-साथ सिंगर, डायरेक्टर, रेडियो जॉकी और टीवी होस्ट भी रहे हैं। अन्नू कपूर को फिल्म 'विक्की डोनर' के लिए फिल्मफेयर और नेशनल अवार्ड से भी सम्मानित किया जा चुका है। इस फिल्म में एक्टर को आयुष्मान खुराना और यामी गौतम नजर आए थे। पर्दे पर फिल्म सुपरहिट साबित हुई थी। इसके अलावा उन्हें फिल्मफेयर अवॉर्ड और टीवी एकेडमी अवॉर्ड से भी सम्मानित किया जा चुका है।

# अवॉर्ड शो में रेखा संग सेल्फी लेती नजर आइ रवीना टंडन, भूमि पेडनेकर ने दिखाए एब्स

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** शनिवार यानी 28 जनवरी को मुंबई में स्टारडस्ट अवॉर्ड्स की 50वीं सालगिरह का आयोजन हुआ। रेड कार्पेट की तस्वीरें और वीडियो वायरल हो रही इस इवेंट में भूमि पेडनेकर और वाणी कपूर एक साथ नजर आईं। दोनों की सेलेब्स ने रेड कार्पेट पर जलवा बिखेरा। इस दौरान भूमि पेडनेकर बोटल ग्रीन कलर के कटआउट गाउन में नजर आईं। इस दौरान पर उन्होंने ग्रे कलर की सिल्क साड़ी पहनी थी, जिसपर मेकअप और हैवी ज्वैलरी कैरी की हुई थी। तो वहीं, एक्ट्रेस रवीना ग्रे और ब्लैक कलर के गाउन में नजर आईं। दोनों ही बेहद खूबसूरत लग रही थी। इस दौरान दोनों एक्ट्रेस सेल्फी लेती हुई नजर आ रही हैं। वीडियो में दोनों एक्ट्रेसेस सेल्फी लेते हुए पाउट करते दिख रही हैं।





है, जिसमें सितारों का बेस्ट अवतार देखने को मिला। इस इवेंट में सितारों का मेला लगा। इस दौरान कार्तिक आर्यन, अनिल कपूर, निमरत कौर, अनुपम खेर, सोनू सूद, नरगिस फाखरी, श्रिया सरन, हर्षवर्धन कपूर, टिस्का चोपड़ा, सान्या मल्होत्रा, सयानी गुप्ता समेत कई अन्य सेलेब्स इस इवेंट में शामिल हुए, लेकिन भूमि पेडनेकर इस कार्यक्रम की पूरी महफिल लूटी। उन्होंने अपने एब्स को जमकर फ्लॉन्ट किया। तो वहीं एक्ट्रेस वाणी कपूर ने गोल्डन कलर का डीप नेक गाउन में अपनी अदाए बिखेरती नजर आईं। दोनों एक्ट्रेसेज ने मिलकर कैमरे में पोज दिए। वहीं दूसरी तरफ बॉलीवुड की सदाबहार अभिनेत्री रेखा और रवीना टंडन भी इस इवेंट में शामिल हुईं। इस दौरान रेखा हमेशा की तरह अपने देसी साड़ी अवतार में नजर आईं। इस मौके

स्वत्वाधिकारी एवं मुद्रक डा0 दीपक अरोरा द्वारा रामा प्रिन्टर्स 53/25/1 ए बेली रोड न्यू कटरा प्रयागराज ( उ.प्र. ) 211002 से मुद्रित एवं सी-41 यूपी एसआईडीसी औद्योगिक क्षेत्र नैनी प्रयागराज। ( उ.प्र. ) 211010 से प्रकाशित।
सम्पादक/प्रकाशक
डा0 पुनीत अरोरा
मो0न0 09415608710
RNI No. UPHIN/2015/63398
website:www.adhuniksamachar.com

नोटः- इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होगे।